Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 162 | रविवार, 21 जून-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## ओडिशा को 47,600 करोड़ की सौगातः पीएम मोदी बोले- कांग्रेस राज में पिछड़ा रहा पूर्वी भारत; अब बना विकास का गेटवे

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पूर्वी भारत हमेशा पिछड़ा रहा। लेकिन आज यही क्षेत्र देश के विकास का मुख्य द्वार बन रहा है। पीएम मोदी ओडिशा के मयूरभंज जिले के रायरंगपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने ओडिशा के लिए 47,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा अब विकास की राह पर तेजी से दौड़ रहा है। कल्याणकारी योजनाएं गरीबों का जीवन बदल रही हैं।

### डबल इंजन सरकार की डबल विशेषताः प्रधानमंत्री

पीएम मोदी ने कहा कि ओडिशा इस समय उत्सव के माहौल में डूबा हुआ है। पिछले हफ्ते यहां गण पर्व (राजा पर्व) मनाया गया। अब महाप्रभु जगन्नाथ जी की रथ यात्रा और बारीपदा रथ यात्रा की तैयारियां पूरे उत्साह के साथ चल रही हैं। लोकतंत्र और विकास का यह उत्सव अद्भुत है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि डबल इंजन सरकार की डबल विशेषता ये है कि वो खुद जनता तक पहुंचती है। हमारा प्रयास है कि सामान्य नागरिक को किसी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।

### पीएम-जनमन अभियान राष्ट्रपति के मार्गदर्शन का ही परिणामः पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'पीएम-जनमन अभियान राष्ट्रपति के साथ हुई चचाओं और उनके मार्गदर्शन का ही परिणाम है। ये ऐसे जन जातीय समूहों के लिए है जो जन जातीय समुदायों में भी सबसे पीछे रह गए हैं। सरकार अब स्वयं चलकर ऐसे जन जातीय समुदायों के घर तक पहुंच रही है। आदिवासी युवाओं को हम शिक्षा और रोजगार के अवसरों से जोड़ रहे हैं। देश में करीब 500 एकलव्य मॉडल स्कूल खोले गए हैं।'

### 47,600 करोड़ रुपये की बड़ी सौगात

ओडिशा के विकास सफर को रफ्तार देने के लिए पीएम मोदी ने बड़ी घोषणाएं कीं। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए करीब 47,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की नींव रखी गई। सरकार का पूरा ध्यान इंफ्रास्ट्रक्चर और गरीब कल्याण पर है। इन परियोजनाओं से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। ओडिशा की तस्वीर तेजी से बदल रही है।

### विकास का नया गेटवे बना पूर्वी भारत

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार 'पूर्वोदय' नीति पर काम कर रही है। हमारा लक्ष्य पूर्वी भारत के विकास से पूरे देश का विकास करना है। जो पूर्वी भारत कांग्रेस के दौर में पिछड़ेपन की पहचान बन चुका था, वह अब प्रगति का प्रवेश द्वार बन रहा है। भाजपा सरकार ओडिशा के संसाधनों को नई संभावनाओं में बदल रही है। राज्य को अब तक करीब 20 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। ओडिशा में भाजपा सरकार को दो साल पूरे हो चुके हैं। इस अवसर पर पीएम ने राज्य की जनता को बधाई दी।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के गांव पहुंचे प्रधानमंत्री

पीएम मोदी के लिए यह दिन बेहद खास रहा। शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जन्मदिन भी था। पीएम मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि ओडिशा की बेटी आज देश के सर्वोच्च पद पर है। वह हम सभी का मार्गदर्शन कर रही हैं। यह पूरे देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने मयूरभंज और ओडिशा की पहचान को पूरे विश्व में मजबूत किया है। पीएम मोदी राष्ट्रपति के ससुराल पहाड़पुर गांव भी गए। वहां उन्होंने स्थानीय बच्चों के स्कूल का दौरा किया। पीएम ने बच्चों के साथ कुछ यादगार पल बिताए। उन्होंने इसे अपने लिए एक शैक्षणिक और कुछ नया सीखने वाला अनुभव बताया।

## थरूर ने की पीएम मोदी की तारीफ तो बीजेपी ने कांग्रेस को घेरा, कहा- राहुल गांधी का पदार्फाश हो गया

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल ट्रंप के साथ मुलाकात के दौरान भारतीय नाविकों की सुरक्षा के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करने के बाद एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान जहां कांग्रेस ने पीएम मोदी पर इस संवेदनशील मुद्दे पर चुप रहने का आरोप लगाया था, वहीं कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक और निजी दोनों चचाओं में भारत की चिंताओं को मजबूती से रखा है। शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि पीएम मोदी ने मौजूदा संघर्षों के बीच नागरिक नाविकों की सुरक्षा को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को भारत की चिंताओं से अवगत कराया और इस बात पर जोर दिया कि युद्धकाल में वाणिज्यिक नाविकों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।

शशि थरूर ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के साथ सार्वजनिक और निजी दोनों बैठकों में अपना रुख स्पष्ट कर दिया। यह संदेश देना महत्वपूर्ण है कि युद्धकाल में वाणिज्यिक जहाजों पर तैनात नागरिक नाविकों को युद्ध का निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। वे सैनिक नहीं हैं, और यही संदेश प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है।' भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंताओं को उजागर करते हुए कहा, 'सामान्य चिंता के अलावा, हमारे पास भारतीय ध्वज वाले जहाजों और अन्य जहाजों पर भारतीय नाविक हैं। यदि वे आपकी नाकाबंदी का उल्लंघन कर रहे हैं, तो उन्हें रोकने का कोई और तरीका खोजें, लेकिन लोगों को मारें नहीं।' गौरतलब है कि बीते बुधवार को कांग्रेस ने पीएम मोदी की ट्रंप के साथ मुलाकात को लेकर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ओमान की खाड़ी में एक व्यापारिक पोत पर अमेरिकी हमले में मारे गए तीन भारतीय नाविकों की मौत पर वे चुप रहे।

## 'शेर-कुत्ते' में उलझी महाराष्ट्र की सियासतः एकनाथ शिंदे और संजय राउत में शुरू हुई जुबानी जंग

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**





**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना और एकनाथ शिंदे गुट के बीच एक बार फिर राजनीतिक तनाव और जुबानी जंग चरम पर पहुंच गया है। पार्टी के 9 लोकसभा सांसदों में से 6 के शिंदे गुट में शामिल होने की अटकलों और 'ऑपरेशन टाइगर' की चचाओं के बीच, संजय राउत ने सोशल मीडिया पर बेहद तल्ख पोस्ट साझा किया है। एक्स पर एक पोस्ट में संजय राउत ने एक इन्फोग्राफिक साझा किया, जिसमें लिखा है, 'कुछ लोग कुत्ते तो होते हैं लेकिन वफादार नहीं होते।' उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया 'जय महाराष्ट्र!' दरअसल, संजय राउत की यह टिप्पणी एकनाथ शिंदे के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने उद्धव खेमे पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि कुत्ते झुंड में भौंकते हैं, शेर अकेला आता है। शिंदे ने अपने गुट को बालासाहेब ठाकरे की राजनीतिक विरासत का असली उत्तराधिकारी बताने की कोशिश की।

### शिंदे ने दिया था कुत्ते वाला बयान

शिंदे ने उद्धव गुट पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'कुछ कुत्ते भौंकते रहते हैं। कल और परसों भी वे भौंकते रहेंगे। मैं आपको एक बात बताता हूं कुत्ते झुंड में भौंकते हैं, लेकिन शेर अकेला आता है। जब शेर शिकार करता है तो कुत्ते भौंकते रहते हैं। जब शेर दहाड़ता है तो कुत्ते भौंकते रहते हैं। यही शिवसेना है। यही शिवसेना है। और आज यह शिवसेना महाराष्ट्र में मजबूती से खड़ी दिखाई दे रही है।'

बताते चलें कि यह दोनों गुटों में यह राजनीतिक बयानबाजी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के भीतर एक नए विभाजन की बढ़ती अटकलों की पृष्ठभूमि में हुआ है, जब पार्टी के नौ लोकसभा सांसदों में से छह ने नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण संसदीय दल की बैठक में भाग नहीं लिया, जिससे यह अफवाहें तेज हो गईं कि वे एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो सकते हैं। यह ताजा संजय विवाद राउत द्वारा गुरुवार को की गई उस घोषणा के बाद सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि पार्टी ने अनुपस्थित छह सांसदों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए गए हैं। संजय राउत ने पत्रकारों से कहा, 'कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हम उन्हें अयोग्य घोषित कराने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। यदि लोकसभा अध्यक्ष नियमों, कानून और सर्वोच्च न्यायालय के निदेशों के अनुसार कार्य करते हैं, तो ये लोग अयोग्य घोषित हो जाएंगे।'

### शिंदे गुट में 6 सांसद जाने के लिए तैयार

'ऑपरेशन टाइगर' को लेकर अटकलों को तब और बल मिला जब शिवसेना एमएलसी चंद्रकांत रघुवंशी ने दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसदों ने शिंदे के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया है और उनके गुट में शामिल होने के लिए तैयार हैं। इस संकट ने उद्धव ठाकरे खेमे को एक और बड़े विभाजन की संभावना का सामना करने के लिए मजबूर कर दिया है, लगभग चार साल बाद जब शिंदे के 2022 के विद्रोह के कारण महा विकास अघाड़ी सरकार का पतन हुआ और अंततः शिंदे गुट को आधिकारिक शिवसेना के रूप में मान्यता मिली।

## नीट छात्र को अबू धाबी सेंटर, भड़के राहुल गांधी बोले- बच्चों के भविष्य से जुएबाजी बंद करो

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केंद्र सरकार और देश की शिक्षा व्यवस्था की आलोचना की। यह आलोचना तब की गई जब NEET-UG 2026 की दोबारा परीक्षा देने वाले एक छात्र को संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के अबू धाबी में परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अपना एडमिट कार्ड देखने के बाद छात्र बहुत तनाव में आ गया, क्योंकि उसके पास विदेश यात्रा के लिए पासपोर्ट भी नहीं था। उन्होंने कहा कि नागपुर का एक छात्र एक महीने से NEET की दोबारा परीक्षा की तैयारी कर रहा था। परीक्षा से ठीक एक दिन पहले उसने अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड किया। उसका सेंटर अबू धाबी में निकला। न पासपोर्ट, न परिवार के पास उसे विदेश भेजने के लिए पैसे, और अब समय भी नहीं बचा था। वह पूरी रात रोता रहा और परीक्षा देने से इनकार कर रहा है - यह किस तरह का तनाव है, क्या आप इसकी कल्पना भी कर सकते हैं? गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि परीक्षा में शामिल होने वाले किसी भी छात्र को अपने सेंटर तक न पहुँच पाने की शिकायत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आखिर ऐसा कैसे हो गया? कल किसी भी छात्र को अपने सेंटर तक न पहुँच पाने को लेकर कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए थी। NTA असल में देश के बच्चों और उनके माता-पिता के धैर्य की परीक्षा ले रहा है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, 'जो सिस्टम किसी बच्चे को उसके अपने शहर में परीक्षा केंद्र नहीं दे सकता, बल्कि उसे विदेश भेज सकता है, उसे परीक्षा आयोजित करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश का शिक्षा सिस्टम पूरी पीढ़ी के पैसे और समय की वसूली का जरिया बन गया है। उन्होंने कहा, मैंने कोटा में भी यही बात कही थी - यह अब शिक्षा सिस्टम नहीं रहा। यह पूरी पीढ़ी के पैसे, समय और मानसिक शांति की लूट के अलावा और कुछ नहीं है। राहुल गांधी ने आगे कहा हमारे बच्चों के भविष्य के साथ जुआ खेलना बंद करें। वे एक संवेदनशील, ज़िम्मेदार और जवाबदेह शिक्षा सिस्टम और परीक्षा प्राधिकरण के हकदार हैं - और हम यह पक्का करेंगे कि उन्हें यह मिले।

## एफएटीएफ में भारत को अहम जिम्मेदारीः विवेक अग्रवाल बने नए उपाध्यक्ष; पाकिस्तान के क्यों छूटने लगे पसीने?

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी शुक्रवार को भारत को दी गई। एफएटीएफ एक वैश्विक संस्था है, जो धनशोधन और आतंकवाद के लिए धन जुटाने जैसी गतिविधियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक तय करती है। भारत वर्ष 2010 से इस ताकतवर अंतरराष्ट्रीय संस्था का सदस्य है। पहली बार भारत को इस पद की जिम्मेदारी मिली है। एक बयान के अनुसार, पेरिस स्थित एफएटीएफ के मुख्यालय में आयोजित पूर्ण बैठक के समापन पर केंद्रीय संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल को संस्था का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

17 से 19 जून के दौरान 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों के प्रतिनिधि तथा पर्यवेक्षक पेरिस में एकत्र हुए। उन्होंने वैश्विक वित्तीय व्यवस्था की सुरक्षा और विश्वसनीयता के सामने मौजूद खतरों पर चर्चा की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि विवेक अग्रवाल ब्रिटेन के नागरिक गाइल्स थॉमसन का स्थान लेंगे। थॉमसन एक जुलाई 2025 से इस पद पर कार्यरत हैं।

### सरकार ने इस नियुक्ति पर क्या कहा?

इस बीच, वित्त मंत्रालय ने इस नियुक्ति को भारत के लिए एक ऐतिहासिक सम्मान बताया। मंत्रालय ने कहा कि यह धनशोधन और आतंकवादी वित्तपोषण के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में भारत की बढ़ती नेतृत्वकारी भूमिका की पहचान है। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, इस नियुक्ति से एक भारतीय अधिकारी को धनशोधन रोकने और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ मानक तय करने वाली दुनिया की सबसे अहम संस्था के शीर्ष नेतृत्व में स्थान मिला है।

### विवेक अग्रवाल ने क्या कहा?

साल 2024 में जब भारत की अंतिम म्यूचुअल इवैल्यूएशन रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी, उस समय विवेक अग्रवाल केंद्रीय वित्त मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे। उस दौरान उनके पास वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (एफआईयू-इंडिया) के निदेशक की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी थी। विवेक अग्रवाल ने कहा, यह नियुक्ति भारत के सामूहिक प्रयासों और धनशोधन तथा आतंकवादी वित्तपोषण के खिलाफ हमारी मजबूत व्यवस्था की अंतरराष्ट्रीय मान्यता है। राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि यह भारत के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि इससे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था की पारदर्शिता और मजबूती बढ़ाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता फिर से साबित होती है। एफएटीएफ के अध्यक्ष का कार्यकाल दो वर्ष का होता है और उपाध्यक्ष संस्था के उद्देश्यों को पूरा करने में अध्यक्ष की सहायता करता है। साल 2024 की रिपोर्ट में एफएटीएफ ने भारत की सराहना करते हुए कहा था कि अवैध वित्तीय गतिविधियों से निपटने के लिए भारत की ओर से बनाई गई व्यवस्था प्रभावी है और मनी धनशोधन तथा आतंकवादी वित्तपोषण को रोकने के प्रयासों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं।

### पाकिस्तान की बढ़ी चिंता

यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब भारत लगातार सीमा पार आतंकवाद के वित्तपोषण और अवैध धन के नेटवर्क के खिलाफ वैश्विक स्तर पर कड़ा रुख अपनाने की वकालत कर रहा है। ऐसे में संस्था के शीर्ष नेतृत्व में भारत की बढ़ती भूमिका को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी साख और प्रभाव बढ़ने के रूप में देखा जा रहा है।

## डायमंड हार्बर में बवालः भागने की कोशिश में थी टीएमसी नेता जहांगीर की पत्नी, पुलिस ने दबोचा

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** डायमंड हार्बर पुलिस ने TMC के फाल्टा उम्मीदवार जहांगीर खान की पत्नी सरीना बीबी को एक पुलिस स्टेशन के बाहर हुई अशांति और हिंसा के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सरीना एक गाड़ी बुक करके भागने की कोशिश कर रही थी, तभी अधिकारियों ने उसकी लोकेशन का पता लगाया और उसे दक्षिण 24 परगना से हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने उस पर कई ऐसी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है जिनमें जमानत नहीं मिल सकती। उसकी गिरफ़्तारी के साथ ही, इस मामले में गिरफ़्तार लोगों की कुल संख्या 27 हो गई है।

अधिकारियों का आरोप है कि सरीना बीबी ने पुलिस हिरासत से अपने पति को जबरदस्ती छुड़ाने की कोशिश में अहम भूमिका निभाई। उस पर उस ग्रुप की अगुवाई करने का आरोप है जो पुलिस स्टेशन के बाहर इकट्ठा हुआ था और जिसने इलाके में तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर दी थी। पुलिस के मुताबिक, वह भीड़ को इकट्ठा करने में शामिल थी और आरोप है कि उसने कानून लागू करने वाले अधिकारियों को उनकी ड्यूटी करने से रोकने की कोशिश की।

## बंगाल में टीएमसीराज खत्म, पीएम मोदी बोले - बेड़ियां टूटीं, नई उम्मीदों के साथ विकास यात्रा शुरू

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि बीजेपी की ऐतिहासिक जीत के बाद पश्चिम बंगाल में नई ऊर्जा आई है और राज्य आखिरकार तृणमूल कांग्रेस (TMC) के एक दशक से ज्यादा के शासन की बेड़ियों से आजाद हो गया है। पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल दिवस के मौके पर ये बातें कहीं। एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव और शपथ ग्रहण समारोह के बाद बंगाल का यह मेरा पहला दौरा है। अब बंगाल की हवा में एक नई ताजगी है। ऐसा लगता है कि बंगाल आखिरकार अपनी बेड़ियों से आजाद हो गया है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि लोगों में खुशी का माहौल बदलते बंगाल की भावना को दशार्ता है। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी-एनडीए सरकार ने पिछली लेफ्ट फ्रंट और टीएमसी सरकारों द्वारा छोड़ी गई कमियों को पूरा करने के लिए बंगाल में विकास की गति को तेज किया है। उन्होंने कहा कि आज का ये कार्यक्रम... ये साक्षी है, इन परियोजनाओं का शुभारंभ ये गवाह है कि हमारा बंगाल अपने नए भविष्य के निर्माण में जुट गया है। बंगाल के लोगों के चेहरे की ये चमक... गांव गांव में खुशी और विश्वास का भाव... मैं आपके इस आनंद में भागीदार बनने के लिए आया हूं। आपका एक वोट, एक चुनाव... कितना कुछ परिवर्तन कर सकता है, ये बंगाल में साफ साफ नजर आ रहा है।

मोदी ने कहा कि मैं इस अवसर पर बंगाल के लोगों को, और सभी देशवासियों को इस आयोजन की पश्चिम बंग दिवस की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मैं आप सभी की स्वच्छता से स्वागत पहले के लिए भी सराहना करना चाहता हूं। स्वच्छता हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। जहां स्वच्छता होगी, वहां विकास भी काफी सुंदर दिखेगा। उन्होंने कहा कि इस बार पश्चिम बंग दिवस की ये तारीख और भी बहुत खास है। आजादी के बाद बंगाल के उज्ज्वल भविष्य के लिए जो सपना देखा गया था, बंगाल की महान आत्माओं ने जो परिकल्पना की थी, आज एक तरह से पहली बार हम पश्चिम बंग दिवस पर उन सपनों को सच्चाई में बदलते देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये ऐतिहासिक तारीख पश्चिम बंगाल के विकास की प्रेरणा बने, हम एक नया और गौरवशाली इतिहास रचे... आज बीजेपी-एनडीए सरकार में इसके लिए विकास के महा-अभियान की शुरूआत हो रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल में दशकों तक पहले लेफ्ट और फिर टीएमसी ने जो गड्ढे बनाए, उसे भरने के लिए डबल इंजन की सरकार ने सुपर-फास्ट स्पीड से काम करना शुरू कर दिया है। बिजली की रफ्तार से फैसले हो रहे हैं। रुकी हुई योजनाओं पर काम आगे बढ़ने लगा है। आज यहां सैकड़ों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास हुआ है। रेल, रोड, कृषि, मछली पालन से जुड़ी ये परियोजनाएं बंगाल के विकास को नई गति देंगी। इन परियोजनाओं से यहां की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मोदी ने कहा कि बंगाल ने रक्तपात सहा... बंगाल ने अपनों को खोया... अपनी मातृभूमि के टुकड़े होते देखे... लेकिन, बंगाल ने अपनी अस्मिता और पहचान को नष्ट नहीं होने दिया।

## संपादक की कलम से

# भारतीय दर्शनशास्त्र का अद्भुत उपहार योग



**ललित शर्मा**
संपादक

योग स्वयं के माध्यम से आत्मा की यात्रा मार्ग है ' अवार्चीन भारतीय दर्शन शास्त्र की पाठशाला में एक महत्वपूर्ण एवं अद्भुत शिक्षा योग भी है ' योग शब्द मूलत: संस्कृत की भाषा से उपजा शब्द है। योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के शब्द 'युज,से हुई है इसके दो अर्थ है पहला अर्थ जोड़ना तथा दूसरा बहुत ही वृहद व्यापक शब्द अनुशासन है। योग से उसके अभ्यास के कारण शरीर तथा मस्तिष्क में एक सामंजस्य और संबंध बन जाता है, जिससे मस्तिष्क शांत तथा अनुशासित रहता हैं। यह व्यायाम का ही एक अंग है,जिससे शरीर तथा मन नियंत्रित रह कर जीवन को परिस्थितियों के अनुकूल एवं सफल बनाता है। योग स्वस्थ जीवन जीने का एक विज्ञान है। यह एक प्रकार की यौगिक औषधि है, वह हमारे शरीर के काम करने के तरीकों को धीरे-धीरे बेहतर कर शिथिल अंगों को स्वयं हल्के हल्के ठीक कर देता है। निरोगी काया श्रेष्ठ जीवन का वरदान होती है। यदि आप निरोगी और स्वस्थ हैं तो आप सफलतम व्यक्ति बन सकते हैं धन लिप्सा आकांक्षा लालच से योग मुक्त कर एक खुशनुमा जीवन जीने की जीजिविषा तथा जुजुस्ता पैदा करता है। योग जीवन की एक कला है जो वर्तमान परिवेश में और भौतिक जगत में अत्यंत प्रासंगिक भी है। योग हमें शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रखने का एक सशक्त माध्यम है हम सबको, आपको लगता है कि आज के आधुनिक जीवन में हमें एक बहुत अस्त व्यस्त तथा मानसिक असंतुलन वाली जीवन शैली मिली है। यह सभी अनियमित भोजन की आदतों, अभाव या अनुचित नींद या लंबे समय तक कठोर श्रम करने के कारण प्राप्त हुई है। नई पीढ़ी के बच्चे, युवा स्वस्थ जीवन शक्ति सार्वजनिक लचीलापन ऊर्जा और रोगों के लिए प्रतिरोधात्मक क्षमता की खोज में लगे हुए है,और सही सहीं माना जाए तो इन सब का जवाब योग अभ्यास में ही है। योग के आसन प्राणायाम और ध्यान से संयमित शरीर और आत्मा के साथ संतुलित जीवन शैली को प्राप्त किया जा सकता है। और इस जीवन में हम अपने को शक्तिवान,ऊजार्वान महसूस करने लगते हैं। योगाभ्यास के जरिए न केवल बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है बल्कि स्वयं के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार भी किया जा सकता है। अपने बेडौल शरीर को भी योग अभ्यास के जरिए सही आकार में लाने का यह सर्वाधिक सुरक्षित आसान और कारगर तथा लागत विहीन जरिया है। योग्य के वैसे तो कर्म योग, भक्ति योग,ज्ञान योग, राजयोग और हठयोग भी अलग-अलग विभेद हैं, पर सभी पांचों योगों के अलग-अलग तरीके तथा अलग-अलग फायदे हैं। कर्म योग सदैव दूसरों की सेवा के लिए प्रेरित करता है। और इसका मूल्य देश सामाजिक कल्याण यह समाज सेवा ही है। भक्ति योग हमें ईश्वर की साधना कैसे की जाए, यह पाठ पढ़ाता है ।भक्ति योग मनुष्य के अंदर हृदय तथा मस्तिष्क को संतुलित कर एक सकारात्मक ऊर्जा की ओर प्रेरित करता है ।भक्ति योग एक प्रकार का मानसिक योग है जिससे मन शांत रहकर सहिष्णुता की उत्पत्ति होती है, यह अहिंसक मार्ग की ओर प्रेरित करता है। ज्ञान योग बुद्धि के विकास एकाग्रता बढ़ाने तथा समाजिक ज्ञान विज्ञान की प्रेरणा देते एवं अध्ययन मनन में मनुष्य की सहायता करता है। राजयोग सर्वाधिक प्रचलित कथा लोकप्रिय योग है। यह योग की सबसे महत्वपूर्ण विधा है इसमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम,प्रत्याहार धारणा और ध्यान या समाधि इसमें परम आनंद की प्राप्ति या मोक्ष प्राप्ति की विधाओं के बारे में विस्तृत वर्णन है। योग का इतिहास पांच सौ साल पुराना है। पश्चिमी देशों के लोगों का परिचय योग से तब हुआ जब स्वामी विवेकानंद ने अपने शिकागो की यात्रा के समय लोगों को योग के महत्व के बारे में व्यापक रूप से बताया था।

## दौलत

**उदय किशोर साह**

कविता



दौलत को है दौलत से प्यार
दौलत बिन सूना है संसार
दौलत खरीद देता है गुलनार
दौलत से जीवन है गुलजार

दौलत में है शक्ति अपार
दौलत की भूखा है संसार
दौलत बिन। फीका त्यौहार
दौलत से मिलता घर द्वार

दौलत है जग का खरीददार
दौलत से होता है व्यापार
दौलत के साये में रोजगार
दौलत से तन हीन बरियार

दौलत बिन। मानव लाचार
दौलत से खुश तेरी नार
दौलत से। बनता परिवार
दौलत से कोठी गुलजार

दौलत के आगे प्रीत इजहार
दौलत बिन इन्सां है बीमार
दौलत के डर से भागा बेरोजगार
दौलत जीवन नैय्या का खेवनहार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# लोकतंत्र के मंदिर में सत्ता का कारोबार



**एन0के0शर्मा**
लेखक



लोकतंत्र को अक्सर जनता की सर्वोच्च सत्ता का प्रतीक बताया जाता है। संसदों को लोकतंत्र का मंदिर कहा जाता है, विधानसभाओं को जन-इच्छा का प्रतिबिंब और चुनावों को जनता की संप्रभुता का उत्सव। किंतु जब इस चमकदार परिभाषा के पीछे छिपी वास्तविकताओं की परतें खुलती हैं, तब एक असहज प्रश्न सामने खड़ा हो जाता है—क्या लोकतंत्र वास्तव में जनता का शासन है, या फिर सत्ता के कारोबार को वैधता प्रदान करने वाला एक सुव्यवस्थित तंत्र?

विश्व के अनेक लोकतांत्रिक देशों में पिछले कुछ दशकों के दौरान राजनीति का चरित्र तेजी से बदला है। जनसेवा की अवधारणा धीरे-धीरे प्रबंधन, प्रचार और पूंजी के गठजोड़ में बदलती गई। चुनाव अब केवल विचारधाराओं का संघर्ष नहीं रह गए, बल्कि संसाधनों, मीडिया नियंत्रण, डेटा प्रबंधन, छवि निर्माण और वित्तीय सामर्थ्य की प्रतियोगिता बनते जा रहे हैं। लोकतंत्र के मंदिरों में जनप्रतिनिधियों की संख्या भले बढ़ी हो, पर जनता की वास्तविक भागीदारी और प्रभाव कई स्थानों पर सिकुड़ता दिखाई देता है।

सत्ता का कारोबार तब शुरू होता है जब राजनीति सेवा से अधिक निवेश का माध्यम बन जाती है। चुनावी मैदान में उतरने वाला प्रत्याशी अक्सर करोड़ों रुपये खर्च करता है। चुनाव जीतने के बाद वही खर्च सत्ता, प्रभाव, अनुबंधों, नियुक्तियों और नीतिगत लाभों के माध्यम से वसूलने की प्रवृत्ति जन्म लेती है। परिणामस्वरूप लोकतंत्र का मूल उद्देश्य—जनहित—धीरे-धीरे सत्ता संरक्षण और हित समूहों की संतुष्टि के पीछे छूटने लगता है।

यह केवल किसी एक देश की कहानी नहीं है। विकसित लोकतंत्रों से लेकर विकासशील देशों तक, सत्ता और पूंजी के गठबंधन ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। बड़े उद्योग समूह, लॉबिंग नेटवर्क, चुनावी चंदे की अपारदर्शी व्यवस्थाएं और मीडिया पर प्रभाव रखने वाले आर्थिक समूह अक्सर नीतियों के निर्माण में साधारण नागरिक की अपेक्षा कहीं अधिक प्रभावी भूमिका निभाते दिखाई देते हैं। संसद में पारित होने वाले अनेक निर्णयों के पीछे जनता की अपेक्षाओं से अधिक संगठित आर्थिक शक्तियों की प्राथमिकताएं दिखाई देती हैं।

लोकतंत्र का सबसे बड़ा संकट तब उत्पन्न होता है जब जनता केवल मतदान करने वाली भीड़ बनकर रह जाती है। चुनावों के दौरान नागरिक सर्वोपरि होते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही वे आंकड़ों में बदल जाते हैं। सत्ता के गलियारों में उनकी आवाज धीमी पड़ जाती है और निर्णय लेने की प्रक्रिया विशेषज्ञों, सलाहकारों, कॉर्पोरेट समूहों और राजनीतिक रणनीतिकारों के हाथों में केंद्रित होने लगती है। जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले संस्थान धीरे-धीरे जनता से दूर और सत्ता संरचनाओं के अधिक निकट होते जाते हैं।

आज राजनीति का बड़ा हिस्सा धारणा निर्माण पर आधारित है। नीतियों से अधिक महत्वपूर्ण उनकी प्रस्तुति बन गई है। वास्तविक उपलब्धियों से अधिक प्रभावशाली उनका प्रचार हो गया है। लोकतंत्र के मंदिरों में बहस की जगह कई बार नारे लेते हैं, संवाद की जगह आरोप लेते हैं और जनसरोकारों की जगह राजनीतिक प्रबंधन प्रमुख हो जाता है। मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म इस प्रक्रिया को और जटिल बनाते हैं, जहां सूचना और प्रचार के बीच की रेखा लगातार धुंधली होती जा रही है।

लोकतंत्र की एक बड़ी विडंबना यह भी है कि सत्ता का केंद्रीकरण अक्सर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के भीतर ही होता है। जनता अपने प्रतिनिधियों को चुनती है, लेकिन धीरे-धीरे निर्णय लेने की शक्ति कुछ व्यक्तियों, कुछ दलों या कुछ संस्थागत समूहों के हाथों में सिमटने लगती है। सत्ता का यह संकेंद्रण लोकतंत्र की आत्मा के विपरीत होते हुए भी लोकतांत्रिक वैधता का आवरण ओढ़े रहता है।

सत्ता का कारोबार केवल आर्थिक नहीं होता, यह भावनात्मक भी होता है। जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, राष्ट्रवाद, सुरक्षा और पहचान जैसे विषय कई बार वास्तविक समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए राजनीतिक मुद्रा के रूप में प्रयुक्त होते हैं। जनता की भावनाएं लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा अवश्य होनी चाहिए, लेकिन जब वे विवेकपूर्ण बहस का स्थान लेने लगती हैं, तब लोकतंत्र कमजोर होने लगता है। नागरिक प्रश्न पूछना छोड़ देते हैं और समर्थक या विरोधी खेमों में विभाजित हो जाते हैं।

विश्व इतिहास बताता है कि लोकतंत्र का पतन हमेशा तानाशाही के अचानक आगमन से नहीं होता। कई बार उसका क्षरण धीरे-धीरे होता है। संस्थाएं बनी रहती हैं, चुनाव होते रहते हैं, संसदें चलती रहती हैं, संविधान कायम रहता है, लेकिन उनके भीतर की आत्मा कमजोर पड़ती जाती है। नागरिक स्वतंत्रता, जवाबदेही, पारदर्शिता और सार्वजनिक विमर्श की गुणवत्ता धीरे-धीरे कम होने लगती है। लोकतंत्र का ढांचा जीवित रहता है, पर उसका सार खोने लगता है।

सत्ता के कारोबार का सबसे खतरनाक प्रभाव विश्वास के संकट के रूप में सामने आता है। जब नागरिक यह महसूस करने लगते हैं कि उनकी आवाज का वास्तविक महत्व नहीं है, कि नीतियां पहले से तय हैं, कि चुनाव केवल चेहरों का परिवर्तन हैं, तब लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति उनका भरोसा कमजोर होने लगता है। यही अविश्वास सामाजिक असंतोष, राजनीतिक ध्रुवीकरण और संस्थागत संकटों को जन्म देता है।

फिर भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यही है कि उसमें आत्मसुधार की क्षमता मौजूद रहती है। लोकतंत्र कोई स्थिर अवस्था नहीं, बल्कि सतत संघर्ष और जागरूकता की प्रक्रिया है। जब नागरिक प्रश्न पूछते हैं, जब मीडिया स्वतंत्र रहता है, जब न्यायपालिका निष्पक्ष रहती है, जब विपक्ष रचनात्मक भूमिका निभाता है और जब जनप्रतिनिधि स्वयं को शासक नहीं बल्कि सेवक मानते हैं, तब लोकतंत्र सत्ता के कारोबार से ऊपर उठकर वास्तव में जनता का शासन बनता है।

आज आवश्यकता केवल चुनावी सुधारों की नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्कृति को पुनर्जीवित करने की है। पारदर्शी राजनीतिक वित्तपोषण, जवाबदेह शासन, स्वतंत्र संस्थाएं, नागरिक शिक्षा और सक्रिय जनभागीदारी लोकतंत्र को मजबूत करने के प्रमुख आधार हैं। लोकतंत्र का मंदिर तभी पवित्र रह सकता है जब उसमें सत्ता नहीं, सेवा सर्वोच्च मूल्य बने।

अंततः लोकतंत्र की रक्षा संविधान की धाराओं से अधिक नागरिकों की चेतना करती है। संसद की भव्य इमारतें, चुनावी उत्सव और राजनीतिक भाषण लोकतंत्र के प्रतीक अवश्य हैं, लेकिन उसका वास्तविक आधार जागरूक नागरिक हैं। यदि जनता सजग है, तो सत्ता कारोबार नहीं बन सकती; यदि जनता उदासीन है, तो लोकतंत्र का मंदिर भी बाजार में बदल सकता है। यही हमारे समय का सबसे बड़ा प्रश्न है—क्या हम लोकतंत्र को केवल एक व्यवस्था मानते हैं, या उसे एक नैतिक दायित्व के रूप में जीने के लिए तैयार हैं? क्योंकि लोकतंत्र की सबसे बड़ी लड़ाई सत्ता प्राप्त करने की नहीं, बल्कि सत्ता को जनता के प्रति जवाबदेह बनाए रखने की होती है।

# भारतीय संस्कृति और दर्शन ने सदैव संतोष को सर्वोच्च गुण माना है



**किशन भावनानी**
लेखक




वैश्विक स्तरपर आज का युग अभूतपूर्व प्रगति, तकनीकी विकास और भौतिक सुविधाओं का युग है। मनुष्य के पास पहले की अपेक्षा अधिक संसाधन, अधिक अवसर और अधिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं, फिर भी आश्चर्य की बात यह है कि संतोष, शांति और खुशी की कमी पहले से अधिक दिखाई देती है। इसका मुख्य कारण यह है कि मनुष्य की इच्छाएँ उसके साधनों और आवश्यकताओं से कहीं अधिक बढ़ गई हैं। वह जो प्राप्त कर चुका है, उससे संतुष्ट होने के बजाय जो नहीं मिला है, उसकी चिंता में अपना वर्तमान खो देता है। वास्तव में जीवन का सबसे बड़ा सत्य यही है कि सच्ची खुशियाँ बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि अपने साधनों के अनुरूप जीवन जीने और सीमित इच्छाओं में संतोष खोजने में निहित हैं। आवश्यकता केवल इस सत्य को पहचानने और अपनाने की है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकताएँ सीमित हैं, किंतु इच्छाओं का कोई अंत नहीं है। एक इच्छा पूरी होती है तो दूसरी जन्म ले लेती है। यह क्रम जीवनभर चलता रहता है। यही कारण है कि अनेक बार अत्यधिक संपन्न व्यक्ति भी मानसिक तनाव, चिंता और असंतोष से घिरा रहता है, जबकि सीमित साधनों वाला व्यक्ति भी संतोष और प्रसन्नता के साथ जीवन व्यतीत करता दिखाई देता है। यह अंतर धन या संसाधनों का नहीं, बल्कि दृष्टिकोण का है। जिसने संतोष का महत्व समझ लिया, उसने जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति प्राप्त कर ली।

साथियों, भारतीय संस्कृति और दर्शन ने सदैव संतोष को सर्वोच्च गुण माना है। हमारे ऋषि-मुनियों ने कहा है कि संतोष ही सबसे बड़ा धन है। यदि व्यक्ति के मन में संतोष है तो वह सीमित संसाधनों में भी सुखी रह सकता है, किंतु यदि संतोष नहीं है तो अपार धन-संपत्ति भी उसे खुश नहीं रख सकती। इतिहास में अनेक ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहाँ राजाओं और सम्राटों के पास असीमित वैभव था, फिर भी वे मानसिक शांति की तलाश में भटकते रहे। दूसरी ओर अनेक संत-महात्मा अत्यंत साधारण जीवन जीते हुए भी आनंद और आत्मिक संतुष्टि से परिपूर्ण रहे ।वर्तमान समय में उपभोक्तावाद और प्रतिस्पर्धा ने इच्छाओं को और अधिक बढ़ा दिया है। विज्ञापन, सोशल मीडिया और दिखावे की संस्कृति ने लोगों के मन में यह धारणा पैदा कर दी है कि अधिक वस्तुएँ, अधिक धन और अधिक प्रतिष्ठा ही खुशी का आधार हैं। लोग अपने जीवन की तुलना दूसरों से करने लगे हैं। किसी के पास नई कार है तो दूसरे को उससे बड़ी कार चाहिए, किसी के पास बड़ा घर है तो दूसरे को उससे अधिक भव्य घर चाहिए। इस अंतहीन दौड़ में व्यक्ति अपनी वास्तविक आवश्यकताओं और जीवन के मूल उद्देश्य को भूल जाता है। परिणामस्वरूप उसे न तो वर्तमान का आनंद मिलता है और न ही भविष्य की कोई निश्चित खुशी। साथियो, इच्छाओं का अनियंत्रित विस्तार केवल मानसिक तनाव ही नहीं बढ़ाता, बल्कि आर्थिक और सामाजिक समस्याओं को भी जन्म देता है। अनेक लोग अपनी आय से अधिक खर्च करने लगते हैं, ऋण के बोझ तले दब जाते हैं और फिर चिंता तथा अवसाद का शिकार हो जाते हैं। परिवारों में कलह, रिश्तों में दूरी और सामाजिक असंतुलन का एक बड़ा कारण भी यही असीमित इच्छाएँ हैं। जब व्यक्ति अपनी क्षमता से अधिक पाने की लालसा में जीने लगता है, तब उसके जीवन से संतुलन समाप्त होने लगता है ।इसके विपरीत जो व्यक्ति अपने साधनों के अनुसार जीवन जीता है, वह मानसिक रूप से अधिक शांत और संतुलित रहता है। वह अपनी उपलब्धियों का आनंद लेता है और जो प्राप्त है उसके लिए कृतज्ञ रहता है। ऐसा व्यक्ति जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को भी महसूस कर पाता है। परिवार के साथ बिताया गया समय, मित्रों का स्नेह, प्रकृति का सौंदर्य, स्वस्थ शरीर और शांत मन उसके लिए अमूल्य संपत्ति बन जाते हैं। यही वास्तविक सुख है, जिसे धन से नहीं खरीदा जा सकता। साथियो संतोष का अर्थ यह नहीं है कि व्यक्ति महत्वाकांक्षी न बने या प्रगति का प्रयास छोड़ दे। संतोष और आलस्य में अंतर है। व्यक्ति को अपने विकास, शिक्षा, व्यवसाय और समाजसेवा के लिए प्रयास अवश्य करना चाहिए, किंतु उन प्रयासों के पीछे अंधी लालसा नहीं, बल्कि सकारात्मक उद्देश्य होना चाहिए। जब प्रयास और संतोष का संतुलन बन जाता है, तब जीवन में सफलता भी आती है और शांति भी बनी रहती है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब इच्छाएँ हमारी आवश्यकताओं और क्षमताओं पर हावी हो जाती हैं।

विश्व के अनेक मनोवैज्ञानिक अध्ययनों ने भी यह सिद्ध किया है कि अत्यधिक भौतिकवाद व्यक्ति की खुशी को बढ़ाने के बजाय कम कर देता है। शोध बताते हैं कि एक सीमा तक आर्थिक सुरक्षा और सुविधाएँ जीवन को बेहतर बनाती हैं, लेकिन उसके बाद खुशी का स्तर मुख्यतः मानसिक संतोष, रिश्तों की गुणवत्ता और जीवन के उद्देश्य पर निर्भर करता है। अर्थात खुशी का स्रोत बाहर नहीं, बल्कि हमारे भीतर है। यदि मन संतुष्ट है तो साधारण परिस्थितियाँ भी सुखद लगती हैं, और यदि मन असंतुष्ट है तो सर्वोत्तम परिस्थितियाँ भी अपर्याप्त प्रतीत होती हैं।

साथियों, प्रकृति हमें संतुलन का संदेश देती है। पेड़ अपनी आवश्यकता भर जल और पोषण लेकर फल-फूल देते हैं। नदियाँ बिना किसी लालच के निरंतर बहती रहती हैं। सूर्य प्रतिदिन बिना किसी अपेक्षा के प्रकाश देता है। प्रकृति का प्रत्येक तत्व हमें यह सिखाता है कि जीवन का सौंदर्य संतुलन और संयम में है। मनुष्य यदि इस संदेश को समझ ले तो उसका जीवन अधिक सरल, सुखी और सार्थक बन सकता है ।परिवार और समाज में भी संतोष की भावना अत्यंत आवश्यक है। बच्चों को बचपन से ही यह शिक्षा दी जानी चाहिए कि सफलता केवल धन अर्जित करने में नहीं, बल्कि अच्छे चरित्र, संतुलित जीवन और संतोषपूर्ण मानसिकता में निहित है। यदि नई पीढ़ी को केवल उपभोग और प्रतिस्पर्धा का संदेश दिया जाएगा तो वह कभी संतुष्ट नहीं हो पाएगी। लेकिन यदि उसे कृतज्ञता, सादगी और संतोष के मूल्य सिखाए जाएँगे तो वह अधिक खुशहाल और जिम्मेदार नागरिक बनेगी ।आज विश्व अनेक संकटों का सामना कर रहा है—पर्यावरण प्रदूषण, संसाधनों की कमी, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक असमानता। इन समस्याओं की जड़ में भी कहीं न कहीं मनुष्य की असीमित इच्छाएँ और अनियंत्रित उपभोग की प्रवृत्ति है। यदि व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं को समझकर सीमित उपभोग की आदत अपनाए, तो न केवल उसका व्यक्तिगत जीवन बेहतर होगा बल्कि समाज और पृथ्वी का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। इस दृष्टि से संतोष केवल व्यक्तिगत गुण नहीं, बल्कि वैश्विक कल्याण का आधार भी है ।जीवन में सच्ची खुशियों की पहचान करना अत्यंत आवश्यक है। अक्सर हम खुशी को भविष्य की किसी उपलब्धि से जोड़ देते हैं—जब अधिक धन मिलेगा, बड़ा घर बनेगा या कोई विशेष लक्ष्य पूरा होगा, तब हम खुश होंगे। लेकिन यह सोच हमें वर्तमान की खुशियों से दूर कर देती है। वास्तविक खुशी वर्तमान क्षण में जीने, जो प्राप्त है उसकी सराहना करने और अपने प्रियजनों के साथ समय बिताने में है। खुशी कोई मंजिल नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका है।

अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि यह कहा जा सकता है कि मनुष्य की इच्छाएँ जितनी सीमित होंगी और संतोष की भावना जितनी प्रबल होगी, जीवन उतना ही सुखमय बनेगा। अपने साधनों के अनुरूप जीवन जीना, अनावश्यक प्रतिस्पर्धा से दूर रहना, उपलब्ध संसाधनों के प्रति कृतज्ञ होना और आत्मिक संतोष को महत्व देना ही वास्तविक समृद्धि है। सच्ची खुशियाँ महँगी वस्तुओं, भव्य भवनों या अपार धन-संपत्ति में नहीं, बल्कि उस संतुष्ट मन में छिपी होती हैं जो यह कह सके कि ह्लमेरे पास जो है, वह पर्याप्त है और मैं उसके लिए आभारी हूँ।ह्वइसलिए आइए, हम अपनी इच्छाओं को विवेकपूर्ण सीमा में रखें, अपने साधनों के अनुरूप जीवन जीना सीखें, तुलना और दिखावे की संस्कृति से दूरी बनाएँ तथा संतोष को अपने जीवन का आधार बनाएँ। तभी हम उस सच्ची खुशी को पहचान पाएँगे जो सदैव हमारे आसपास और हमारे भीतर मौजूद है, बस उसे देखने और महसूस करने की आवश्यकता है। यही जीवन का वास्तविक सुख, वास्तविक धन और वास्तविक सफलता है।

# मानवीय मूल्य ही योग साधना की पहचान है!



**डॉ श्रीगोपाल नारसन**
लेखक



योग का लक्ष्य आत्म-अनुभूति, सभी प्रकार के कष्टों से निजात पाना है जिससे मोक्ष की अवस्था या कैवल्य की अवस्था प्राप्त होती है। जीवन के हर क्षेत्र में आजादी के साथ जीवन - यापन करना, स्वास्थ्य एवं सामंजस्य योग करने के प्रमुख उद्देश्य होंगे। योग का अभिप्राय एक आंतरिक विज्ञान से भी है जिसमें कई तरह की विधियां शामिल होती हैं जिनके माध्यम से मानव इस एकता को साकार कर सकता है और अपनी नियति को अपने वश में कर सकता है। चूंकि योग को बड़े पैमाने पर सिंधु - सरस्वती घाटी सभ्यता, जिसका इतिहास 2700 ईसा पूर्व से है, के अमर सांस्कृतिक परिणाम के रूप में बड़े पैमाने पर माना जाता है, इसलिए इसने साबित किया है कि यह मानवता के भौतिक एवं आध्यात्मिक दोनों तरह के उत्थान को संभव बनाता है। बुनियादी मानवीय मूल्य योग साधना की पहचान हैं। इसीलिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को योग कर संस्कृति की इस विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए

योग हमारी भारतीय संस्कृति की प्राचीनतम पहचान है। संसार की प्रथम पुस्तक ऋग्वेद में कई स्थानों पर यौगिक क्रियाओं के विषय में उल्लेख मिलता है। भगवान शंकर के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों से ही योग का प्रारम्भ माना जाता है। बाद में भगवान कृष्ण, महावीर और बुद्ध ने इसे अपनी तरह से विस्तार दिया। इसके पश्चात महर्षि पतंजलि ने इसे सुव्यवस्थित रूप दिया।

योग धर्म, आस्था और अंधविश्वास से परे एक सीधा विज्ञान है, जीवन जीने की एक कला है। आज के परिवेश में हमारे जीवन को स्वस्थ और खुशहाल बना सकते हैं। आज के प्रदूषित वातावरण में योग एक ऐसी औषधि है जिसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है, बल्कि योग के अनेक आसन शवसन हाई ब्लड प्रेशर को सामान्य करता है, जीवन के लिए संजीवनी है कपालभाति प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम मन को शांत करता है, वक्रासन हमें अनेक बीमारियों से बचाता है।

लोक परंपराओं, सिंधु घाटी सभ्यता, वैदिक एवं उपनिषद की विरासत, बौद्ध एवं जैन परंपराओं, दर्शनों, महाभारत एवं रामायण नामक महाकाव्यों, शैवों, वैष्णवों की आस्तिक परंपराओं एवं तांत्रिक परंपराओं में योग की मौजूदगी है। इसके अलावा, एक आदि या शुद्ध योग था जो दक्षिण एशिया की रहस्यवादी परंपराओं में अभिव्यक्त हुआ है। यह समय ऐसा था जब योग गुरू के सीधे मार्गदर्शन में किया जाता था तथा इसके आध्यात्मिक मूल्य को विशेष महत्व दिया जाता था। यह उपासना का अंग था तथा योग साधना उनके संस्कारों में रचा-बसा था। वैदिक काल के दौरान सूर्य को सबसे अधिक महत्व दिया गया। हो सकता है कि इस प्रभाव की वजह से आगे चलकर 'सूर्य नमस्कार' की प्रथा का आविष्कार किया गया हो। प्राणायाम दैनिक संस्कार का हिस्सा था तथा यह समर्पण के लिए किया जाता था। हालांकि पूर्व वैदिक काल में योग किया जाता था, महान संत महर्षि पतंजलि ने अपने योग सूत्रों के माध्यम से उस समय विद्यमान योग की प्रथाओं, इसके आशय एवं इससे संबंधित ज्ञान को व्यवस्थित एवं कूटबद्ध किया। पतंजलि के बाद, अनेक ऋषियों एवं योगाचार्यों ने अच्छी तरह प्रलेखित अपनी प्रथाओं एवं साहित्य के माध्यम से योग के परिरक्षण एवं विकास में काफी योगदान दिया। कंप्यूटर की दुनिया में दिनभर उसके सामने बैठ-बैठे काम करने से अनेक लोगों को कमर दर्द एवं गर्दन दर्द की शिकायत एक आम बात हो गई है। ऐसे में शलभासन तथा ताड़ासन हमें दर्द निवारक दवा से मुक्ति दिलाता है ।पवनमुक्तासन अपने नाम के अनुरूप पेट से गैस की समस्या को दूर करता है। गठिया की समस्या को मेरूदंडासन दूर करता है। योग में ऐसे अनेक आसन हैं जिनको जीवन में अपनाने से कई बीमारियां समाप्त हो जाती हैं और खतरनाक बीमारियों का असर भी कम हो जाता है। 24 घंटे में से महज कुछ मिनट का ही प्रयोग यदि योग में उपयोग करते हैं तो अपनी सेहत को हम चुस्त-दुरुस्त रख सकते हैं। फिट रहने के साथ ही योग हमें पॉजिटिव एनर्जी भी देता है। योग से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है।

जब से सभ्यता शुरू हुई है तभी से योग किया जा रहा है। योग के विज्ञान की उत्पत्ति हजारों साल पहले हुई थी, पहले धर्मों या आस्था के जन्म लेने से काफी पहले हुई थी। योग विद्या में शिव को पहले योगी या आदि योगी तथा पहले गुरू या आदि गुरू के रूप में माना जाता है।

# प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विकास प्रदर्शनी में सहारनपुर का आंतरिक सुरक्षा मॉडल बना आकर्षण का केंद्र

राजीव मोंगरा






**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सर्किट हाउस परिसर में 17 जून से 20 जून 2026 तक भव्य विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस चार दिवसीय प्रदर्शनी में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, तकनीकी नवाचारों, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनी में जनपद के आंतरिक सुरक्षा मॉडल का विशेष डेमोस्ट्रेशन एवं प्रदर्शन किया गया, जिसे आगंतुकों द्वारा अत्यंत सराहा गया। जनपद में कानून-व्यवस्था एवं नागरिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने हेतु विभिन्न सुरक्षा इकाइयों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों एवं कार्यप्रणालियों की जानकारी आमजन को प्रदान की गई।

इस अवसर पर बम निरोधक एवं निस्तारण दस्ता टीम एवं डॉग स्क्वाड, यातायात पुलिस, अग्निशमन सेवा, डायल-112, ड्रोन कैमरा स्क्वाड, रेडियो संचार टीम, साइबर अपराध सेल, सर्विलांस यूनिट, फोरेंसिक यूनिट, दंगा नियंत्रण दस्ता तथा स्थानीय अभिसूचना इकाई द्वारा अपने-अपने स्टॉल स्थापित कर उपकरणों, संसाधनों एवं कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न इकाइयों द्वारा सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित लाइव डेमोस्ट्रेशन भी प्रस्तुत किए गए, जिनमें नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनी में समाज कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदर्शित की गई। वहीं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, वुडेन हेंडीक्राफ्ट, परिधान एवं अन्य उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। महिला समूहों के उत्पादों को आगंतुकों द्वारा विशेष रूप से सराहा गया तथा महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता के प्रयासों की प्रशंसा की गई। प्रदर्शनी के दौरान जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा सभी स्टॉलों का भ्रमण किया गया तथा संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों, उपलब्धियों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। आगंतुकों ने प्रदर्शनी को शासन की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम बताया।

यह विकास प्रदर्शनी जनपदवासियों को शासन की उपलब्धियों, सुरक्षा तंत्र की आधुनिक व्यवस्थाओं तथा महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराने में अत्यंत सफल रही।

## पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम में सीएम धामी ने किया प्रतिभाग



वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर, हुगली में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सहभागिता कर उपस्थित जनों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 8 लाख किसानों को भी 159.63 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है। किसानों से आग्रह करते हुए कहा कि वे वैज्ञानिक एवं तकनीक आधारित खेती को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ कृषि को अधिक लाभकारी बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस अवसर पर माननीय सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी एवं माननीय विधायक श्रीमती सविता हरबंस कपूर उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में व्यापारी अभिमन्यु जायसवाल बने राहगीरों की प्यास बुझाने का सहारा

### अपनी प्यास बुझाकर अभिमन्यु जायसवाल को राहगीर दे रहे कोटि-कोटि आशिर्वाद

असदुल्लाह सिद्दीकी




**बढ़नी/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** इस भीषण गर्मी को लेकर नगर पंचायत बढ़नी के निवासी एवं व्यापारी अभिमन्यु जायसवाल ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए राहगीरों के लिए निःस्वार्थ भाव से शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था कर मिसाल पेश की है।

गर्मी के इस दौर में जहां लोगों को स्वच्छ पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं बढ़नी के पश्चिम रेलवे क्रॉसिंग के निकट अभिमन्यु जायसवाल द्वारा प्रतिदिन शुद्ध शीतल जल की व्यवस्था की जा रही है। इस सेवा का लाभ स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ दूर-दराज से आने-जाने वाले राहगीर भी उठा रहे हैं। विशेष बात यह है कि अभिमन्यु जायसवाल न तो किसी राजनीतिक दल से जुड़े हैं और न ही किसी चुनावी तैयारी के तहत यह कार्य कर रहे हैं। यह पूरी व्यवस्था उनके व्यक्तिगत प्रयास और सामाजिक सरोकार की भावना का परिणाम है। बिना किसी प्रचार-प्रसार या स्वार्थ के वह लगातार लोगों की प्यास बुझाने का कार्य कर रहे हैं।

वहीं नगर पंचायत बढ़नी क्षेत्र के नितेश रौनियार, विष्णु अग्रहरि, राजेश गुप्ता, श्री राम, अनीश आदि नगरवासियों का कहना है कि जब सरकारी योजनाएं अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रही हैं, ऐसे समय में अभिमन्यु जायसवाल जैसे लोग समाज के लिए प्रेरणा बनकर सामने आते हैं। उनकी यह पहल मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। आपको बता दें कि भीषण गर्मी में पेयजल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। ऐसे में अभिमन्यु जायसवाल द्वारा शुरू की गई यह निःशुल्क जल सेवा न केवल राहगीरों को राहत पहुंचा रही है, बल्कि समाज को यह सन्देश भी दे रही है कि छोटे-छोटे प्रयासों से भी जनसेवा का बड़ा कार्य किया जा सकता है। भीषण गर्मी के इस दौर में लोगों ने स्वच्छ शीतल पेयजल की व्यवस्था कराने वाले व्यापारी अभिमन्यु जायसवाल को कोटि-कोटि आशिर्वाद दे रहे हैं।

## स्वच्छता अभियान के तहत बाबूगढ़ थाना परिसर में चला सफाई अभियान



राजेंद्र सिंह

**हापुड़ बाबूगढ़(वेलकम इंडिया)।** स्वच्छता अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी बाबूगढ़ प्रवीण कुमार द्वारा शनिवार को थाना परिसर में समस्त पुलिस स्टाफ के साथ साफ-सफाई की गई। इस दौरान थाना परिसर के विभिन्न हिस्सों में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने पुलिसकर्मियों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि साफ-सुथरा परिसर न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखने का आह्वान किया।

सफाई अभियान में पुलिस स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और थाना परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। यह अभियान शासन की स्वच्छता संबंधी प्राथमिकताओं के अनुरूप चलाया गया।

## तहसील सदर में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

### जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं, जन शिकायतों का कराया निस्तारण



राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अरविंद कुमार चौहान ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों में जांच कर्ता अधिकारी मौके पर उभयपक्षों की मौजूदगी में पूर्ण पारदर्शिता से शिकायत का निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान समेत आयोजित विभिन्न दिवसों को और अधिक प्रभावी बनाए जाने पर बल देते हुए कहा कि इन दिवसों में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में ही गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 45, पुलिस विभाग की 09, पूर्ति की 05, जिला पंचायत राज विभाग की 03, खण्ड विकास अधिकारी की 02, एएमए जिला पंचायत की 01, बीईओ की 01, विद्युत की 01, डूडा की 01 एवं नगर निगम की 01 कुल 69 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से स्थलीय निरीक्षण कर निर्धारित समयावधि में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए संवेदनशीलता से शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर सीडीओ सुमित राजेश महाजन, उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार, तहसीलदार सदर जसमेंदर समेत सभी जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कार्यकताओं ने किया विरोध प्रदर्शन



#वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** देश की बदहाल शिक्षा व्यवस्था, नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं और शिक्षा मंत्रालय की विफलताओं के विरोध में कांग्रेसजनों द्वारा यमुना कॉलोनी चौक से किशन नगर चौक तक प्रतीकात्मक शव यात्रा निकालकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ और शिक्षा व्यवस्था की अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की यह लड़ाई निरंतर जारी रहेगी।

प्रदर्शन में कार्यक्रम संयोजक रितेश छेत्री, प्रवक्ता गरिमा दसौनी, संजय शर्मा, नवीन जोशी, प्रदीप जोशी, दीप बोहरा, अनुराग गुप्ता, राम भंगेल, मुकेश चौहान, कासिम चौधरी, बबलू , राजीव प्रजापति, स्वाति नेगी, पीयूष जोशी, हैप्पी परचा, रेहमान, कृष्णा, समीर, माही जेटली, आदित्य मंडोला, विशाल भारद्वाज समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रमिक लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से लगभग 11 करोड़ रुपये की धनराशि का अंतरण

वेलकम इंडिया संवाददाता



**देहरादून।** उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 4400 से अधिक श्रमिक लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से लगभग 11 करोड़ रुपये की धनराशि का अंतरण किया।

मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बोर्ड की विवाह उपरांत सहायता, मृत्यु उपरांत अनुदान, प्रसूति सुविधा तथा शिक्षा सहायता योजनाओं के लाभार्थियों के खाते में वन क्लिक के माध्यम से यह राशि वितरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग को निर्देश दिए कि श्रमिक कल्याण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा विभिन्न क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के कार्यस्थलों के निकट ही आवश्यक सामग्री वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे उन्हें सुविधाजनक तरीके से लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण, उनके आश्रित बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहन तथा जीवनोपयोगी सामग्री के वितरण हेतु विशेष शिविरों के आयोजन पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी योजनाओं के संचालन में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने और सूचना प्रौद्योगिकी के अधिकाधिक उपयोग के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि केवल पात्र श्रमिकों को ही योजना का लाभ मिले।

इस अवसर पर जानकारी दी गई कि बोर्ड द्वारा पिछले एक वर्ष में 24,323 श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से कुल 93 करोड़ 6 लाख रुपये की अनुदान राशि वितरित की जा चुकी है। इस अवसर पर श्री कैलाश पंत (राज्य सलाहकार, संविदा बोर्ड), श्रीमती गीता रावत (अध्यक्ष, सतर्कता समिति), श्रीमती मोहिनी पोखरिया (उपाध्यक्ष, राज्य सतर्कता समिति), अपर सचिव श्री विनीत कुमार, उप श्रम आयुक्त श्री विपिन कुमार, सहायक श्रम आयुक्त श्री शैलेश सती, वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञ श्री दुर्गा चमोली उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन श्रम आयुक्त श्री प्रकाश चन्द्र दुम्का द्वारा किया गया।

## प्रमोद तिवारी बने ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी के बदायूं जिलाध्यक्ष

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने प्रमोद तिवारी को बदायूं जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें शीघ्र जिला कार्यकारिणी का गठन करने तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

पंडित गोपाल शर्मा ने आशा व्यक्त की कि प्रमोद तिवारी अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। नियुक्ति की घोषणा के बाद पार्टी कार्यकताओं में खुशी का माहौल है तथा कार्यकताओं ने प्रमोद तिवारी को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी।

## बहन की खुदकुशी का बदला लेने को मुकेश का गड़ासे से रेत दिया था गला, तीन कातिल गिरफ्तार

### सिद्धार्थनगर के मोहाना थाना क्षेत्र के पिपरहवा गांव का सनसनी खेज मामला छत पर सोते समय की गई थी निर्मम हत्या

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** जनपद के मोहाना थाना क्षेत्र के पिपरहवा गांव में हुए सनसनीखेज मुकेश गुप्ता हत्याकांड का पुलिस ने महज कुछ ही दिनों के भीतर पदार्फाश कर दिया है।एसओजी, सर्विलॉन्स और मोहाना पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, इस जघन्य वारदात को प्रेम प्रसंग और प्रतिशोध की आग में अंजाम दिया गया था। शनिवार को क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान ने प्रेसवार्ता कर मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि मृतक मुकेश गुप्ता रात में अपनी छत पर सो रहा था। इसी दौरान घात लगाकर आए बदमाशों ने गड़ासे से उसका गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी और फरार हो गए। सुबह खून से लथपथ शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर तुरंत पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस तफ्तीश में जो हकीकत सामने आई, उसने हर किसी को चौंका दिया। सीओ ने बताया कि गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त की बहन के साथ मृतक मुकेश गुप्ता का प्रेम संबंध था। युवती के परिजनों ने जब मुकेश पर शादी का दबाव बनाया, तो उसने साफ मना कर दिया। मुकेश की बेरुखी और लोकलाज के कारण आहत होकर युवती ने आत्मघाती कदम उठाते हुए खुदकुशी कर ली थी। बहन की मौत के बाद बदनामी और पुलिस के डर से मुकेश गांव छोड़कर मुंबई भाग गया था। कुछ समय बीतने के बाद जब वह हाल ही में मुंबई से वापस अपने गांव लौटा, तो मृतका के भाइयों के दिल में बदले की आग फिर सुलग उठी। आनंद लोध, तिवारी लोध और रमेश लोध ने मिलकर मुकेश को रास्ते से हटाने की खौफनाक साजिश रची। उन्होंने कई दिनों तक मुकेश की रेकी की। मौका मिलते ही आरोपियों ने छत पर सो रहे मुकेश पर गड़ासे से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत की नींद सुला दिया। सीओ विश्वजीत सौरयान ने बताया कि दबोचे गए तीनों आरोपी आनंद लोध, तिवारी लोध और रमेश लोध मोहाना थाना क्षेत्र के ही दूल्हा सुमाली गांव के रहने वाले हैं। एसओजी और स्थानीय पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया आलाकत्ल (गड़ासा) भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

## जिला अस्पताल परिसर में नवनिर्मित पुलिस चौकी का हुआ भव्य उद्घाटन





असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** सदर थाना क्षेत्र के जिला अस्पताल परिसर में शनिवार को नवनिर्मित पुलिस चौकी का भव्य उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने सदर विधायक, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में फीता काटकर इस चौकी का शुभारंभ किया। उद्घाटन के दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा, 'जिला अस्पताल में दूर–दराज से गरीब और जरूरतमंद लोग इलाज के लिए आते हैं। कई बार आकस्मिक परिस्थितियों में यहां सुरक्षा और त्वरित पुलिस कार्रवाई की बड़ी आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस नई पुलिस चौकी की स्थापना से अब मरीजों, तीमारदारों और दिन–रात सेवा में जुटे डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ को सुरक्षित माहौल मिलेगा। असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जाएगी और परिसर के भीतर ही तत्काल कानूनी मदद उपलब्ध होगी। अधिकारियों ने बताया कि यह चौकी मेडिको–लीगल (एमएलसी) मामलों में त्वरित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। साथ ही अस्पताल में होने वाली किसी भी अप्रिय या आकस्मिक घटना पर पुलिस का रिस्पांस टाइम बेहद कम हो जाएगा, जिससे परिसर में शांति व्यवस्था बनी रहेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक और प्रतिसार निरीक्षक सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।



# डीएम की अध्यक्षता में खलीलाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सुनी गई फरियादियों की शिकायतें

## समस्त अधिकारी अपने विभाग से संबंधित जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समय से करें निस्तारणः डीएम

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में खलीलाबाद तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों की सुनवाई करते हुए मौके पर निस्तारण योग्य प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों के माध्यम से निस्तारित कराया गया तथा शेष प्रकरणों को नियमानुसार निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। खलीलाबाद तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 97 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से जिलाधिकारी द्वारा 13 प्रार्थना पत्रों का संबंधित राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभागीय अधिकारियों से प्रकरण की विस्तृत जानकारी लेते हुए तत्काल निस्तारित करवाया गया। 09 प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की टीम भेजी गई। शेष प्रकरणों को जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए तत्काल कार्यवाही कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गए। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा किया गया। उन्होंने



थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीड़ित पक्ष को त्वरित न्याय मिल सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद हृदय राम तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पांडेय, तहसीलदार खलीलाबाद आनंद ओझा, नायब तहसीलदार हरेराम यादव सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी द्वारा की गई। उन्होंने राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित विभिन्न मामलों को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मामलों के निस्तारण में आवश्यकतानुसार स्थलीय जांच की जाए तथा दोनों पक्षों की पूरी बात को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित की जाए। तहसील मेंहदावल में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 41 प्रार्थना पत्र आये जिसमें से मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मौके पर 05 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करवाते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्थातंरित करते हुए अबिलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया। 02 प्रार्थना पत्रों के सापेक्ष प्रकरणों में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण करने हेतु टीम भेजी गई। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मेहदावल अरुण कुमार, तहसील से सम्बंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में धनघटा तहसील में उप जिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। उन्होंने विभिन्न मामलों से सम्बंधित समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद, जमीन की पैमाईश, अतिक्रमण, वरासत एवं खतौनी में किसी भी प्रकार के त्रृटियों से सम्बंधित शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सम्बंधित कर्मचारी के साथ मौके की जांच कर एवं उभय पक्षों की बात को सुनते हुए नियमानुसार निस्तारित कराया जाए। तहसील धनघटा में कुल 81 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 20 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराते हुए उप जिलाधिकारी द्वारा शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्थातंरित करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर तहसीलदार व राजस्व निरीक्षक सहित तहसील के राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# पशु क्रूरता का फरार आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र में पशुओं से क्रूरता के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया की विगत 15 अक्टूबर 2025 को क्षेत्र के दिल्लीझसहारनपुर हाईवे पर पुलिस एलम के निकट चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली, जिसमें पशुओं को क्रूरतापूर्वक ठूंसकर भरा गया था। पुलिस कार्रवाई के दौरान ट्रक में सवार आरोपी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए थे। मामले में थाने पर पशु क्रूरता अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी धीरज पुत्र रामपाल निवासी ग्राम रसूलाबाद, थाना बिशुनगढ़, जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर लिया।थाना प्रभारी के अनुसार, इस मामले में शामिल एक अन्य आरोपी जियालाल को पूर्व में 16 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। और आगे की करवाई जा रही है।

# बकाया मानदेय को लेकर रोजगार सेवकों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

## तीन दिन में भुगतान न होने पर आंदोलन की चेतावनी, जिलाध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय ने उठाई आवाज

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** बकाया मानदेय भुगतान की मांग को लेकर शनिवार को ग्राम रोजगार सेवक संघ के बैनर तले रोजगार सेवकों एवं मनरेगा कर्मियों ने सेमरियावां ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और शासन-प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। इसके बाद जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में विकास खंड अधिकारी कृष्ण कुमार को संबोधित ज्ञापन लेखा सहायक राम बेलाष को सौंपा गया।



प्रदर्शन के दौरान रोजगार सेवकों ने बकाया मानदेय का शीघ्र भुगतान किए जाने की मांग करते हुए नारेबाजी की और कहा कि लंबे समय से भुगतान लंबित होने के कारण कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। कर्मियों का कहना था कि परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और अन्य आवश्यक खर्चों का निर्वहन करना कठिन हो गया है। ज्ञापन में बताया गया कि विकास खंड मुख्यालय पर 20 जून को आयोजित बैठक में जानकारी दी गई थी कि 5 जून 2026 को एसएनए स्पार्स के माध्यम से मानदेय भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर दी गई थी, लेकिन 20 जून तक रोजगार सेवकों एवं मनरेगा कर्मियों के खातों में धनराशि नहीं पहुंची है।

इससे कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पाण्डेय ने कहा कि ग्राम रोजगार सेवक और मनरेगा कर्मी ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन समय से मानदेय न मिलने के कारण उनका जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तीन दिनों के भीतर बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो सभी रोजगार सेवक एवं मनरेगा कर्मी व्यापक आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश, अतिया खातून, बैजनाथ, हीरामती, आराधना चौधरी, अनिल कुमार सहित बड़ी संख्या में रोजगार सेवक एवं मनरेगा कर्मी मौजूद रहे।

# अफकार इंडिया फाउंडेशन ने किया कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम




मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** अफकार इंडिया फाउंडेशन की ओर से नगर के राणा पैलेस में युवाओं के लिए कैरियर काउंसलिंग एवं युवा विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता एवं शैक्षणिक विषयों के आधार पर सही करियर चयन, उच्च शिक्षा और रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में यासमीन ने संस्था की सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

राहुल कुमार ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशेषज्ञों ने पीसीएम, पीसीबी, कॉमर्स और आर्ट्स वर्ग के विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्स, कॉलेजों एवं प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी।

बिलाल अहमद ने अफकार रिसोर्स सेंटर की उपयोगिता बताई, जबकि रिजवान सैफी ने सोशल वर्क के क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं से अवगत कराया। नदीम एवं अदनान ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और संवाद कौशल के महत्व के बारे में जानकारी दी।अंत में आबिद मजीदी ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों एवं टीम सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मास्टर जुबैर, मास्टर शादाब, मुनव्वर मजाहिरी, चौधरी मिन्ना सहित अफकार इंडिया फाउंडेशन की टीम मौजूद रही।

# दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर दो सड़क हादसे, दो लोग गंभीर घायल

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर हुए अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।






शामली निवासी राजेश कुमार बागपत स्थित एक शुगर मिल में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। वह ड्यूटी समाप्त करने के बाद स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित जसाला पेट्रोल पंप के निकट पहुंचे, तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।दूसरी और थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी भूपेंद्र सिंह बाइक से शामली किसी कार्य से गए थे। वापस लौटते समय खंद्रावली चौकी के समीप सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों हादसों की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर खुली बैठक का हुआ आयोजन, आवास की पात्रता का हुआ सत्यापन



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** शनिवार को विकास खण्ड सेमरियावा के ग्राम पंचायत कोहरियावा के पंचायत भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना के सत्यापन को लेकर खुली बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सेमरियावा ब्लाक की ग्राम पंचायत कोहरियावा के पंचायत भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना के सत्यापन को लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनीस अहमद की अध्यक्षता में खुली बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी अब्दुर्रहीम ने ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर सचिव लवकुश चौधरी, नोडल अधिकारी अब्दुर्रहीम, पंचायत सहायक काजल कुमारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सीआरपीएफ के जवान का कैंसर से निधन, गांव में छाया मातम

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी सीआरपीएफ के जवान का लंबी बीमारी के बाद दिल्ली के एक्शाईन कैंसर हॉस्पिटल में उपचार के दौरान निधन हो गया। जवान के निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी 45 वर्षीय नरेंद्र चौहान पुत्र नकली सिंह वर्ष 2003 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह हरियाणा के सोनीपत में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। करीब एक माह पूर्व उनकी तबीयत





बिगड़ने पर जांच कराई गई, जिसमें कैंसर की पुष्टि हुई। इसके बाद उनका उपचार दिल्ली स्थित एक्शाईन कैंसर हॉस्पिटल दिल्ली में चल रहा था। काफी समय तक बीमारी से जूझने के बाद शुक्रवार देर रात उन्होंने उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। जवान के निधन की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक का माहौल छा गया। शनिवार को सीआरपीएफ के जवानों द्वारा उनका पार्थिव शरीर गांव लाया गया। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। गमगीन माहौल में लोगों ने जब तक सूरज चांद रहेगा, नरेंद्र चौहान तेरा नाम रहेगा जैसे नारों के साथ अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की।इसके बाद सीआरपीएफ के जवानों ने पूरे राजकीय सम्मान के साथ उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। राजकीय सम्मान के साथ हुए अंतिम संस्कार में उनके पुत्र अक्षय चौहान ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य लोग, ग्रामीण और परिजन मौजूद रहे, जिनकी आंखें अपने वीर जवान को विदा करते समय नम हो गईं।

# कैंटर चालक से मारपीट कर चार हजार रुपये वसूलने का आरोप

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पर एक कैंटर चालक के साथ बाइक सवार दो युवकों द्वारा मारपीट करने और जबरन चार हजार रुपये वसूलने का आरोप लगाया है। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बागपत जनपद के कस्बा बड़ौत निवासी कर्मवीर ने बताया कि वह कैंटर लेकर बुढ़ाना की ओर से अपने घर वापस लौट रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह कांधला-बुढ़ाना मार्ग स्थित रेलवे फाटक के निकट पहुंचा, तभी बाइक सवार दो युवकों ने शराब के नशे में उसकी गाड़ी में टक्कर मार दी। विरोध करने पर दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उसे जबरन बाइक पर



बैठाकर अपने गांव ले गए, जहां उससे धमकाकर चार हजार रुपये वसूल लिए। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विकास प्रदर्शनी का भव्य समापन, विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया प्रेरित

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान (दिनांक 05 जून से 21 जून 2026 तक) के क्रम में विकास भवन स्थित डीपीआरसी हॉल/परिसर में आयोजित जनकल्याणकारी शिविर एवं विकास प्रदर्शनी के अंतिम दिवस पर आज मा0 विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी जी द्वारा प्रदर्शनी में लगाए गए स्टालों एवं विभिन्न विभागों द्वारा जन सामान्य को लाभान्वित व जागरूक करने के दृष्टिगत विभागीय योजनाओं से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए भव्य समापन किया गया। इस अवसर पर मा0 एमएलसी प्रतिनिधि मंटू राय जी, मा0 एमएलसी प्रतिनिधि ई0 सुधांशु सिंह जी उपस्थित रहे।

मा0 विधायक ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी के समापन अवसर पर समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, विभागीय अधिकारियों को विकास प्रदर्शनी के सफल आयोजन पर धन्यवाद देते हुए कहा कि विकास प्रदर्शनी में केन्द्र सरकार के 12 वर्षों तथा राज्य सरकार के 09



वर्षों की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया है कि वे शासन की विभिन्न योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त करें तथा उनका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतिगत निर्णयों एवं उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित करने में योजनाओं से संबंधित विभागीय अधिकारीगण तत्परता से कार्य करें, जिससे योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण तरीके से मिल सके। उन्होंने देश, प्रदेश एवं जनपद के चहुंमुखी विकास में मा0 प्रधानमंत्री जी व मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व शैली की सराहन करते हुए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

आयोजित विकास प्रदर्शनी में आज संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश से नामित लोक कलाकार धीरेंद्र गोस्वामी एवं पार्टी कलाकार एवं वीरेंद्र कुमार एवं पार्टी द्वारा लोकगायन के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया गया।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डॉ0 राकेश कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर सर्वेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एस के तिवारी, जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, भूमि संरक्षण अधिकारी दीपचंद चौरसिया, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित सम्मानित किसान, गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# बिजली घर की 33 केवी लाइन से 560 मीटर तार चोरी, मुकदमा दर्ज

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील स्थित बिजली घर पर आने वाली 33 केवी विद्युत लाइन की करीब 560 मीटर तार को चोर काटकर ले गए। घटना के चलते क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के गंगेरू बिजली घर पर तैनात जेई किशोर कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि लाइनमैन यशवीर को ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि इस्सोपुर टील बिजली घर तक आने वाली 33 केवी विद्युत लाइन की तार काट ली गई है। सूचना मिलने पर विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो करीब 560 मीटर तार गायब मिली। चोरी के कारण आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। विद्युत तार चोरी होने की घटना से ग्रामीणों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। विद्युत विभाग ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि विभाग की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# योग कार्यक्रम में योग गुरु ने झोली फैलाकर मांगी पांच भिक्षाएं

## नगर निगम ने श्रीजाहरवीर गोगा महाड़ी परिसर में स्वच्छ कुण्ड के तट पर कराया योग

वेलकम इंडिया संवाददाता







**सहारनपुर।** बारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह के अंतर्गत आज प्रातः नगर निगम द्वारा एक योग कार्यक्रम का आयोजन श्री जाहरवीर गोगा महाड़ी परिसर स्थित स्वच्छ कुण्ड के तट पर किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय योग गुरु पद्मश्री भारत भूषण, महापौर डॉ. अजय कुमार, शाकुंभरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. विमला वाई, नगरायुक्त शिपू गिरि, भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा व राकेश जैन तथा उपसभापति मयंक गर्ग तथा अन्य पार्षदों ने सिद्धि विनायक श्री गणेश जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त शिपू गिरि व महिलाओं और पार्षदों की ओर से ज्योति अग्रवाल ने पुष्प भेंट कर योग गुरु भारत भूषण का स्वागत किया।

योग गुरु ने कहा कि यह सहारनपुर का सौभाग्य है कि गुरु गोरक्षनाथ के शिष्य श्री जाहरवीर महाराज की पूज्य स्थली के परिसर में आज का यह योग कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि योग का गुरु गोरक्षनाथ से गहरा सम्बंध था। वह एक महान योगी थे, उन्होंने योग को गूढ़ साधनाओं से निकाल कर जन-जन तक पहुंचाया। योग गुरु ने उक्त स्थल पर योग कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए नगर निगम को साधुवाद दिया।

योग गुरु ने योग शुरू कराने से पूर्व योग का महत्व समझाते हुए उपस्थित साधको से झोली फैलाकर पांच भिक्षा मांगी, जिनमें- व्यसन मुक्त जीवन जीने, ब्रह्ममुहूर्त में जागने, माता-पिता की चरण वंदना करने, नित्य योगासन करने तथा नित्य पढ़ना शामिल है। उन्होंने पीड़ाओं से मुक्ति तथा आरोग्य और आयुष्य की ध्वनि ''ओइ्म'' से यौगिक क्रियाओं की शुरूआत की।

योग गुरु ने ताड़ासन, वृक्ष आसन, अर्धचक्र आसन, उत्कट आसन, भद्रासन, स्वस्तिक आसन, वक्रासन, शिशुगति, गर्दभ गति, प्राणायाम और भ्रामरी प्राणायाम आदि आसन कराते हुए लोगों के जीवन में सार्थकता और सौभाग्य को जागरुक करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जगपाल सिंह, अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव व बिकास धर दुबे तथा क्षेत्रीय आयुष अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र कुमार के अलावा निगम के समस्त अधिकारी, बड़ी संख्या में पार्षदगण, 83 यूपी एनसीसी बटालियन के कैडेट्स, भारत स्काउट गाइड व आईटीसी मिशन सुनहरा कल के वालंटियर्स तथा शहर के गणमान्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार डॉ.वीरेन्द्र आजम ने किया।

# परिवेश को मनमोहक व सकारात्मक बनाते है पेड़-पौधेः बोहरा

## सांसियों का तला विद्यालय में लगाएं 110 पौधे, संरक्षण के किए पुख्ता इंतजाम



**बाड़मेर राजस्थान(वेलकम इंडिया)।** जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से राजकीय उचच प्राथमिक विद्यालय सांसियों को तला में शनिवार को स्टेट अवार्डी शिक्षक व पर्यावरण कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में विद्यालय को हरा–भरा बनाने को लेकर शीशम, नीम, गुलमोहर, करंज, कनेर, बादाम सहित अलग–अलग किस्म के 110 पौधे लगाएं गए। तथा उनके संरक्षण की पुख्ता व्यवस्था की गई। संस्थान के सदस्य सुनील आचार्य ने बताया कि जन कल्याण संस्थान की ओर से शनिवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांसियों का तला परिसर में अलग–अलग किस्म के 110 पौधे लगाएं गए। तथा उनकी सुरक्षा की व्यवस्था की गई। इस कड़ी में विद्यालय में पूर्व में लगे पौधों की सार–संभाल कर उन्हें पानी पिलाया गया। स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि परिवेश में पौधों की उपस्थिति से वहां का वातावरण मनमोहक व सकारात्मक बन जाता है। वहीं पेड़–पौधों की शरण में आकर हर प्राणी सुखद व आरामदायक महसूस करता है। अमन ने कहा कि ऐसे में हमें अधिक से अधिक पौधारोपण कर थार के रेगिस्तान को हरा–भरा बनाना होगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 54 शिकायतें प्राप्त, 20 का मौके पर निस्तारण



फरियादियों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी कुमार हर्ष।

वेलकम इंडिया संवाददाता

**खुर्जा।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील खुर्जा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 54 फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए, जिनमें से 20 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को भेजते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसपी देहात अंतरिक्ष जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील दोहरे, उपजिलाधिकारी खुर्जा प्रतीक्षा पांडेय, क्षेत्राधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विजिलेंस पुलिस टीम व ननौता विद्युत विभाग की टीम ने अफगान कस्बा ननौता में चलाया चेकिंग अभियान

राजीव चौधरी

**सहारनपुर/ननौता(वेलकम इंडिया)।** ननौता थाना क्षेत्र के कस्बा अफगान ननौता के मौहल्ला महाराजा प्रताप कॉलोनी में बिजली उपभोक्ता को बिजली चोरी करते हुए विजिलेंस व विद्युत विभाग की पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर एक बिजली उपभोक्ता को दबोचा

### चेकिंग अभियान से बिजली उपभोक्ताओं में मची खलबली

ननौता अवर अभियंता संजीव कुमार के साथ विजिलेंस पुलिस टीम ने चलाया चेकिंग अभियान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश सर्तकता पावर कारपोरेशन लखनऊ महोदय के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक महोदय सर्तकता शक्ति भवन लखनऊ,




विजिलेंस पुलिस टीम ने विधुत विभाग के साथ जनपद सहारनपुर के ननौता थाना क्षेत्र में संयुक्त विद्युत चेकिंग अभियान चलाया

विजिलेंस टीम ने बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी करते हुए कई जगह छापेमारी की लंबे समय से बिजली चोरी को लेकर मिल रही शिकायतों की रोकथाम को लेकर विजिलेंस टीम ने बिजली चोरों के खिलाफ बड़े स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया।

अपर पुलिस अधीक्षक महोदय डिस्कॉम मेरठ व पुलिस उपाधीक्षक महोदय सर्तकता सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के कुशल निर्देशन में प्रभारी प्रवर्तन दल सहारनपुर उपनिरीक्षक रूपचन्द सिंह व नरेन्द्र कुमार अवर अभियन्ता प्रवर्तन दल सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में विजिलेंस पुलिस स्टाप हेड कांस्टेबल अरूण कुमार, हेड कांस्टेबल जयकुमार, महिला हेड कांस्टेबल रूबी त्यागी, व कांस्टेबल अजय कुमार व अवर अभियंता संजीव कुमार के साथ मिलकर चलाया चेकिंग अभियान संयुक्त विद्युत चेकिंग अभियान के दौरान ननौता जेई संजीव कुमार ने, मौहल्ला महाराना प्रताप कालोनी अफगानान कस्बा नानौता में संयुक्त विद्युत चेकिंग अभियान के दौरान बिजली उपभोक्ता को विद्युत चोरी करते पकडा गया, विजिलेंस अवर अभियंता नरेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### बिजली चोरी पकडे गए उपभोक्ता का नाम व पता

नवीन कुमार पुत्र कदम सिंह निवासी मौहल्ला महाराना प्रताप कालोनी अफगानान कस्बा नानौता थाना नानौता जनपद सहारनपुर बिजली चोरी पकडे गए उपभोक्ता के विरूद्ध नियमानुसार थाना एण्टी पावर थैप्ट सहारनपुर में अभियोग पंजीकृत कराने की कार्यवाही की जा रही है।

# एडवोकेट को पितृ शोकः अचानक हार्ट अटैक से हुआ निधन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** एडवोकेट धर्मेंद्र लोधी के पिता का शनिवार सुबह हृदय गति रुक जाने से आक्समिक निधन हो गया।उनकी उम्र लगभग 62 वर्ष थी। गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

कस्बे के मौहल्ला अट्टा निवासी एडवोकेट धर्मेंद्र लोधी के पिता शीशपाल सिंह लोधी उम्र लगभग 62 वर्ष शनिवार की सुबह अपने खेतों पर पानी लगाने गये थे। वहीं वे अचानक गिर पड़े। परिजनों ने उन्हें चिकित्सक के यहां पहुंचाया जहां चिकित्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

आक्समिक निधन हो जाने से परिजनों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। सपा नेता प्रवेंद्र लोधी नवीन कुमार एडवोकेट सुरजीत कुमार एडवोकेट कुलदीप एडवोकेट योगेश कुमार एडवोकेट प्रदीप कुमार लोधी एडवोकेट मुकेश कुमार एडवोकेट आदि गणमान्य लोगों ने शोक-संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और शोक संवेदना व्यक्त की। सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशान घाट में कर दिया गया।

# सांसद ने लगाई रात्रि चौपाल, अफसरों को लगाई फटकार

वेलकम इंडिया संवाददाता



**स्याना।** नरसेना स्थित गणेश इंटर कॉलेज में गुरुवार की देर शाम सांसद डॉक्टर भोला सिंह ने रात्रि चौपाल लगाकर लोगों के समस्याएं सुनी जिसमे। ब्लॉक प्रमुख ऊंचागांव माया शर्मा प्रतिनिधि जितेंद्र शर्मा और संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए।इस दौरान ग्रामीणों ने निजी दुकानों पर यूरिया के साथ जबरन कीटनाशक देने का आरोप लगाते हुए शिकायत की जिस पर संसद ने एडीओ कृषि हरिप्रसाद को संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है। सांसद ने गांव नरसेना में नवनिर्मित आरसीसी रोड का लोकार्पण किया।

इसके बाद ग्रामीणों ने नहर की पटरी पर पड़ी सिल्ट को हटाने की मांग की। सांसद में सिंचाई विभाग के अधिकारी विजय सिंह को दो दिन के अंदर सड़क से सिल्ट हटाने के कड़े निर्देश दिए। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग के तहत दी जा रही योजनाओं की जानकारी ली और जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों के खाते में रुपए न पहुंचने पर सीएचसी प्रभारी डॉ विवेक सिंह को फटकार लगाते हुए नाराजगी जाहिर की।

सांसद ने सीएमओ को फोन मिलाकर भी लाभार्थियों के खाते में रुपए पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके बाद सांसद ने जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़क को ठीक करने और हर घर नल जल पहुंचने की जानकारी ली। गांव घुंघरावली के ग्रामीणों ने पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी सड़क को ठीक न किए जाने की शिकायत की। सांसद ने ब्लाक अधिकारियों के सामने ग्रामीणों से पूछा कि उन्हें शौचालय के लिए 12-12000 मिले हैं की नहीं, जिस पर ग्रामीणों ने असहमति जताई। सांसद ने मौके पर नायब तहसीलदार और तहसीलदार के न पहुंचने पर नाराजगी जताई और योजना गिना रहे लेखपाल को मंच से उतार दिया। ग्रामीणों ने दौलतपुर कलां सीएचसी पर डॉक्टर की तैनाती की मांग की।

रात्रि चौपाल में विद्युत विभाग, यूपीनेडा, राजस्व विभाग, उद्यान विभाग, कौशल विकास, नलकूप विभाग से प्रतिनिधि न पहुंचने पर सांसद ने मंच से ही कड़ी नाराजगी जाहिर की और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, यूनानी दवा विभाग, राजस्व विभाग, पशुधन विभाग, शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना द्वारा इस्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों ने सांसद से प्रतिमाह गांव में रात्रि चौपाल लगाने की मांग की। बीडीओ मोकम सिंह, कार्यवाहक एडीओ पंचायत मनीष चौधरी ने ग्राम सचिवों और सफाई कर्मियों को साथ लगाकर व्यवस्थाएं दुरुस्त की।

# नूर तालाब रोड़ पर होता है भीषण जलभराव



वेलकम इंडिया संवाददाता



**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** कस्बे में वार्ड 13 नूर तालाब रोड़ पर भुद्दू की चक्की के पास भीषण जलभराव से मौहल्ले वालों की जान सांसत में है। मौहल्ले वालों का सड़क पर बहते गन्दे पानी में निकलना दुश्वार हो गया है। तमाम शिकायतों के बाबजूद नगर पंचायत के सर्वेसर्वा बेखबर बने हुए हैं।

कस्बा औरंगाबाद में पानी का निकास और ड्रेनेज सिस्टम इतना खराब है कि जगह जगह सड़कों पर गन्दे पानी का जलभराव हो जाता है। सड़कों पर बन रहे तालाबों में से होकर गुजरना लोगों की नियति बन चुकी है। मौहल्ले वालों ने बताया कि तमाम शिकायतों को दरकिनार कर रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाता है।

# आनंद संस्था की 12वीं वर्षगांठ पर 100 बच्चों के साथ मनाया गया खुशी का उत्सव







वेलकम इंडिया संवाददाता

**नई दिल्ली।** आनंद संस्था की 12वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 100 जरूरतमंद बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को KFC ले जाया गया, जहां उन्हें वेज मील परोसा गया। बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन के साथ इस यादगार दिन का भरपूर आनंद लिया।

आनंद संस्था की संस्थापक डॉ. ज्योति आनंद पिछले 20 वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वहीं, पिछले 11 वर्षों से वह संस्था की वर्षगांठ के अवसर पर जरूरतमंद बच्चों को मैकडॉनल्ड्स और ङत्र्छ जैसे स्थानों पर ले जाकर उनके साथ खुशियां बांटती आ रही हैं। उनका उद्देश्य बच्चों को ऐसे सुखद और यादगार पल देना है, जो उनके जीवन में हमेशा विशेष स्थान रखते हैं।

डॉ. ज्योति आनंद ने बताया कि समाज के वंचित वर्ग के बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही संस्था का सबसे बड़ा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आनंद संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में पिछले 12 वर्षों से लगातार कार्य कर रही है और आगे भी समाज सेवा के लिए समर्पित रहेगी।

इस अवसर पर संस्था के सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों ने भी बच्चों के साथ समय बिताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. ज्योति आनंद ने संस्था के सभी दानदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही सेवा का यह अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है।

# अच्छी संख्या में किसानों ने देखा प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन, पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त मिलने पर जताया आभार

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुलंदशहर।** भारत सरकार एवं उरउ रढश के निदेर्शानुसार जनपद सहित प्रदेशभर के कॉमन सर्विस सेंटरों पर 'पीएम किसान उत्सव दिवस' का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में किसानों ने सीएससी केन्द्रों पर एकत्र होकर माननीय प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 23वीं किस्त जारी होने के अवसर के साक्षी बने। इस दौरान किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई और प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण दिखाया गया। ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किसानों ने कृषि क्षेत्र के विकास एवं किसान कल्याण के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम के उपरांत बड़ी संख्या में पात्र किसानों ने अपने बैंक खातों में प्राप्त सम्मान निधि की राशि की जानकारी प्राप्त की तथा DigiPay ही के माध्यम से सुरक्षित एवं त्वरित निकासी भी की। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता को बढ़ावा मिला और किसानों को बैंक शाखाओं के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। जिला प्रबंधकों के समन्वय तथा वीएलई की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समूह फोटो एवं विभिन्न गतिविधियों का दस्तावेजीकरण कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर रिपोर्टिंग के लिए अपलोड किया गया। सीएससी एसपीवी उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय ने सभी जिला प्रबंधकों एवं वीएलई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर ग्रामीण भारत में डिजिटल सेवाओं, वित्तीय समावेशन तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किसानों तक सरकारी योजनाओं की प्रभावी पहुंच तथा डिजिटल सेवा वितरण के प्रति सीएससी नेटवर्क की प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# समाधान दिवस में 90 शिकायतें प्राप्त, 21 का मौके पर निस्तारण; डीएम कविता मीना ने दिए गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद हापुड़ की समस्त तहसीलों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 90 शिकायतें प्राप्त हुईं। संबंधित अधिकारियों द्वारा इनमें से 21 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।हापुड़ तहसील में जिलाधिकारी कविता मीना एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। तहसील दिवस में घरेलू हिंसा, जमीनी विवाद सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें सामने आईं जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों के समाधान में गंभीरता बरतें तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में गढ़मुक्तेश्वर तहसील में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में प्राप्त 52 शिकायतों में से 13 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं धौलाना तहसील में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में प्राप्त 11 शिकायतों में से 4 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

# योग शिविर सप्ताह के अंतर्गत पतंजलि वैलनेस सेंटर में योगाभ्यास किया गया

अनिल वशिष्ठ




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** सीकरी कलां स्थित पतंजलि वैलनेस सेंटर में 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के अनुक्रम में चल रहे योग शिविर सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के तत्वाधान में महानिदेशक एनसीसी लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स एवं जिला प्रशासन के आदेशों के क्रम में वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह एवं मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। शनिवार को स्थानीय सीकरी कलॉ स्थितह्लपतंजलि योग पीठ वेलनेस सेंटर पर योग दिवस की थीमह्लस्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योगह्लकी भावना के साथ योग सप्ताह शिविर के छठे दिन वाहिनी के कैडेट्स ने योगाचार्य स्वामी आरोग्य देव के सानिध्य में शहर के सैकड़ों प्रबुद्ध लोगों, योग साधकों एवं योग प्रशिक्षकों के साथ मिलकर योग की बारीकियों को सीखते हुए योगाभ्यास किया। योग अभ्यास के दौरान स्वामी आरोग्य देव ने कैडेट्स को आध्यात्मिक ज्ञान के साथ साथ नैतिक मूल्यों की जानकारी देते हुए स्वयं को स्वस्थ रखकर अपने समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया ।शान्ति पाठ के साथ सम्पन्न योग कार्यक्रम के समापन पर मोदी कॉलेज के एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर ने योगाचार्य स्वामी आरोग्य देव महाराज द्वारा कैडेट्स को योग की बारीकियों से अवगत कराने तथा उन्हें अध्यात्म की जानकारी देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी से भारतीय संस्कृति के द्दोतक योग की महिमा को अंगीकार कर योग को नित्य प्रति दिन अपने जीवन का हिस्सा बनाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय यूनानी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक राणा,सह राज्य प्रभारी एनसीआर पतंजलि योग पीठ राजवीर सिंह,पूर्व राज्यमंत्री रामकिशोर अग्रवाल,डॉ बब्ली गुर्जर,सुदेश जैन,भारतीय योग संस्थान से योग प्रशिक्षक प्रेम चंद्र सैनी,प्रमोद शर्मा,कै.रजनीश जिंदल,ऑफि सर सुखविंदर सिंह तेवतिया,सुबेदार बसन्त कुमार थापा(एसएम) सुबेदार सूर्य मान घाले,हवल.विसंबर,हवल.पवन, हवल.भूप सिंह,हवल.देविंदर बिष्ट हवलदार अरविंद एवं राहुल शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में कैडेट्स उपस्थित रहे।

# 69 वर्षो के इतिहास में नया अध्याय: मुल्तानीमल मोदी महाविद्यालय को मिली पहली महिला प्राचार्य

## 32 वर्षों की उत्कृष्ट सेवाओं के बाद प्रो. वंदना शर्मा ने संभाली कमान

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** वर्ष 1957 में स्थापित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अग्रणी मुल्तानीमल मोदी महाविद्यालय के 69 वर्षीय इतिहास में शनिवार को एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया। महाविद्यालय की स्थापना के बाद पहली बार किसी महिला शिक्षाविद् को प्राचार्य पद का दायित्व सौंपा गया। हिंदी विभागाध्यक्ष, प्रख्यात साहित्यसेवी तथा महाविद्यालय की विभिन्न प्रधान समितियों में उत्कृष्ट सेवाएँ दे चुकीं प्रोफेसर वंदना शर्मा ने 32 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के उपरांत ₹महाविद्यालय की प्रथम महिला प्राचार्य₹ के रूप में पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर मोदी ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. डी.के. मोदी स्वयं उपस्थित रहे और उन्होंने प्रो. वंदना शर्मा को पदभार ग्रहण कराया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव, कार्यनिष्ठा और नेतृत्व में महाविद्यालय नई उपलब्धियाँ प्राप्त करेगा। पदभार ग्रहण के अवसर पर गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स (पी.जी.) कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ. रीता बख्शी, वर्तमान प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा, डॉ दीपांकर शर्मा ,सचिव संदीप यादव एवं अति वरिष्ठ शिक्षक नेता प्रोफेसर मौजपाल सिंह एवं महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण करने के उपरांत प्रोफेसर वंदना शर्मा ने महाविद्यालय की गौरवशाली शैक्षणिक परंपरा को और अधिक समृद्ध बनाने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। महाविद्यालय परिवार ने इसे संस्थान के 69 वर्षीय इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि प्रो. वंदना शर्मा के नेतृत्व में महाविद्यालय शिक्षा और उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करेगा।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर गांव भदौला में जन चौपाल का आयोजन



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गांव भदौला में शनिवार को जन चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व विधायक मास्टर राजपाल सिंह ने केंद्र सरकार उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी ।कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख विपिन चौधरी का ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख ने ग्रामीणों से उनकी समस्याएं सुनी और समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार हर वर्ग के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में देश निरंतर अग्रसर है। केंद्र सरकार की उज्जवला सहित कई योजनाओं का जिक्र किया। अनुराग, बिंदु, बिट्ठू, अमित, वीरेंद्र, सचिन, पवन, भारत, रोहित, राजू, कामेश आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ता प्रशांत त्यागी पर दर्ज मुकदमे को लेकर त्यागी समाज ने उठाए सवाल, एसीपी को सौंपा ज्ञापन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भाजपा कार्यकर्ता प्रशांत त्यागी के विरुद्ध दर्ज मुकदमा को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है।इस मामले में शनिवार को त्यागी समाज के प्रतिनिधियों और भाजपा के कुछ पुराने कार्यकताओं ने मोदीनगर एसीपी भास्कर वर्मा को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि दिनांक 19 जून 2026 को थाना मोदीनगर में दर्ज मुकदमे में प्रशांत त्यागी को नामजद करते हुए विभिन्न आरोप लगाए गए हैं, जबकि समाज के लोगों का दावा है कि मामला झूठा, निराधार और तथ्यों से परे है।

उनका आरोप है कि इस प्रकरण में त्यागी समाज के लोगों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार, 16 जून 2026 को मोदीनगर में भाजपा के एक सम्मेलन के दौरान कुछ कार्यकताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था। इसी दौरान एक महिला ने क्षेत्रीय पदाधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी, जिसके बाद मौके पर कहासुनी बढ़ गई और विवाद ने तूल पकड़ लिया। बाद में इस घटनाक्रम से जुड़े विरोध प्रदर्शन में शामिल बताए जा रहे चार लोगों के खिलाफ मोदीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

ज्ञापन देने पहुंचे लोगों ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध बिना पर्याप्त साक्ष्य के कार्रवाई न की जाए।

उनका कहना था कि जांच तथ्यों और उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर होनी चाहिए ताकि किसी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय न हो। फिलहाल मोदीनगर में यह मामला राजनीतिक और सामाजिक चर्चा का विषय बना हुआ है।

त्यागी समाज तथा भाजपा के कुछ कार्यकर्ता निष्पक्ष जांच की मांग पर अड़े हैं, जबकि पुलिस प्रशासन से पूरे प्रकरण में तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

# ए न्यू होप फाउंडेशन ने किया वृक्षारोपण



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** प्रमुख समाज सेवी संस्था ने गोविंदपुरी मेन मार्किट स्थित पंत पार्क में राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र कुमार के नेतृत्व में कुछ छायादार व औषधीय पौधों को रोपित किया। संगठन की टीम में रवींद्र कुमार के अलावा, सरदार गुरमीत सिंह, संतोष अग्रवाल, सुमन, आशीष, मोदी जी व अन्य कई लोग शामिल रहे।

इस अवसर पर सरदार गुरमीत सिंह ने लोगों से आह्वान किया कि सभी ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण कर अपने शहर को हरा भरा करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र कुमार ने कहा कि आने वाले समय में औद्योगीकरण & के कारण पर्यावरण को बहुत बड़ा खतरा है जिससे बचने का एक ही उपाय है, ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाएं।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर बैनामा लेखकों और अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर दिया धरना

## ई-पंजीकरण व्यवस्था वापस लेने की मांग



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर ई-पंजीकरण व्यवस्था के विरोध में बैनामा लेखकों और अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया ।राज्य के राजस्व मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । बैनामा लेखकों और अधिवक्ताओं का कहना है कि ई-पंजीकरण व्यवस्था लागू होने से बैनामा लेखकों और अधिवक्ताओं के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने सरकार से इस व्यवस्था को तत्काल वापस लेने तथा पूर्व की व्यवस्था को बहाल करने की मांग की।

प्रदर्शन को कई संगठनों द्वारा अपना समर्थन दिया गया जिसमें प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी पदाधिकारी प्रदेश सचिव सुरेंद्र त्यागी, नितिन त्यागी जिला सचिव, श्रवण त्यागी वरिष्ठ नेता,जिला पंचायत सदस्य विकास यादव, समाजवादी पार्टी की नेत्री मनीषा त्यागी जिला कोषाध्यक्ष मनीष बंसल व प्रवेज चौधरी मौजूद रहे इसी के साथ मोदी नगर के समाज सेवी डॉ बबली गुजर व राहुल गुजर ने भी सरकार की इस नीति का विरोध किया भारतीय किसान यूनियन के मनोज त्यागी अध्यक्ष द्वारा भी समर्थन दिया गया। इस मौके पर मोदीनगर बार अध्यक्ष जगवीर सिंह,सचिव नकुल त्यागी,उत्तम त्यागी, राजकुमार गुप्ता,प्रेम वीर, विक्रांत,सौरव मुद्गल,अनुराग गुप्ता, आशीष, नरेश, विवेक चौधरी,ललित नेहरा,लेखक संघ अध्यक्ष श्रीपाल सिंह,सचिव प्रदीप शर्मा,अर्जुन त्यागी,विजय वशिष्ठ,मोनू त्यागी,अंकुर शर्मा, कपिल चौधरी,इमरान,अंकित शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# हनुमान जी और राम जी की कथा भवसागर से पार कराती है-ओझा



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने कहा कि हनुमान जी और राम जी की कथा भवसागर से पार कराती है ।उन्होंने कहा कि लंका विजय के बाद प्रभु श्री राम ने हनुमान जी को आशीर्वाद दिया कि हनुमान मेरे सहित जो तेरी कीर्ति गायेगा वो बिना प्रयास ही भाव सागर से पार हो जायेगा ।इसलिए हमें हनुमत जी और राम जी के जीवन चरित्र की गाथा को साथ साथ गाना चाहिए। वृद्धाश्रम मोदीनगर में चल रही हनुमान कथा के चौथे दिन कथा व्यास ने कहा कि सुन्दर कांड की कथा भगवान की भक्तों पर अनुग्रह की कथा है। भगवान हमे बताना चाहते है कि जो-जो मुझसे,अपने धर्म से कर्तव्यों से विमुख हो जाते है मै उन्हें अपने सम्मुख करने के लिए स्वयं प्रयास करता हूँ और शरणागति के लिए हनुमान जी जैसे आचार्य को भी भेज कर कर्म ( पुरुषार्थ ) करवाता हूँ । जीवन को सुखद बनाने साधन भक्ति है जो भगवान की शरणागति से प्राप्त होती है ।कथा विराम के बाद नवीन जायसवाल, व सचिन बंसल ने सभी भक्तों का धन्यवाद दिया। कथा में मुख्य यजमान संदीप सिंघल,सारिका,रूपचंद शर्मा,सुनीता , डॉ पवन सिंघल, अन्य लोगों में नवीन जायसवाल पूर्व सभाषद, दिनेश चौधरी, अशोक चौधरी, संदीप गुप्ता, श्रीपाल गुजर, अजय सिंघल , रजनीश सभाषद,कौशल वर्मा रहे

# खाद संकट से भड़के किसान सहकारी समिति गोदाम से 350 कट्टे यूरिया ले गए



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** कादराबाद खाद सहकारी समिति में खाद की कमी को लेकर किसानों का आक्रोश उस समय फूट पड़ा जब यूरिया लेने पहुंचे किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो सकी। इसी बीच नाराज किसानों ने कथित रूप से गोदाम से करीब 350 कट्टे यूरिया ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर अपने साथ ले गए।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से खाद और यूरिया की किल्लत बनी हुई है। खरीफ फसलों की बुवाई के बीच किसान लगातार खाद की मांग कर रहे थे।

शनिवार को बड़ी संख्या में किसान समिति पर पहुंचे, लेकिन पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध न होने के कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई ।देखते ही देखते किसानों की भीड़ ने गोदाम में रखे यूरिया के कट्टों को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरना शुरू कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक और सहकारिता विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया ।मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक टीम ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। अधिकारियों द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा गोदाम से ले जाए गए यूरिया की मात्रा और घटना के कारणों का आकलन किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से उनकी फसल प्रभावित हो रही है, जबकि प्रशासन का कहना है कि क्षेत्र में खाद की आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# नमन नेहरा ने भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनाकर किया क्षेत्र का नाम रोशन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मोदीनगर में हापुड़ मार्ग स्थित ग्राम गदाना निवासी नमन नेहरा ने भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर पूरे क्षेत्र को गोर्वान्वित किया है। हैदराबाद स्थित वायु सेना अकादमी में आयोजित भव्य पासिंग आउट परेड के दौरान उन्होंने देश सेवा की शपथ लेकर भारतीय वायु सेना में आधिकारिक रूप से फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभाली। बताते चलें कि नमन नेहरा बचपन से ही क्षेत्र के मेधावी छात्रों में रहे हैं उनका सपना शुरू से ही भारतीय वायु सेना में अधिकारी बनकर देश की सेवा करना था।

उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के साथ 10वीं एवं 12वीं की पढ़ाई दयावती मोदी पब्लिक स्कूल से पूरी की। इसके बाद उन्होंने मुल्तानीमल मोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए नमन ने निरंतर मेहनत और समर्पण के साथ तैयारी जारी रखी।

वर्ष 2024 में उनका चयन ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में हुआ। प्रशिक्षण के दौरान भी उन्होंने भारतीय वायु सेना में शामिल होने के अपने सपने को जीवित रखा और लगातार प्रयास करते रहे।

नमन नेहरा की लगन और कड़ी मेहनत आखिर उसे समय रंग लाई जब वर्ष 2025 में उनका चयन भारतीय वायु सेना के लिए हो गया। हैदराबाद में आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद नमन नेहरा आधिकारिक रूप से फ्लाइंग ऑफिसर बन गए। उनकी इस उपलब्धि से परिवार,गांव और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोगों ने नमन और उनके परिवार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नमन के पिता एडवोकेट मनोज नेहरा वकालत के साथ-साथ कृषि कार्य भी करते हैं,जबकि उनकी माता ममता नेहरा गृहिणी हैं। जबकि उनका छोटा भाई उत्कर्ष नेहरा वर्तमान में 12वीं कक्षा के छात्र हैं।

अपनी सफलता पर नमन नेहरा ने कहा कि 'कठिन परिश्रम,दृढ़ संकल्प, समर्पण और लगन के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। नमन नेहरा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता सहित शिक्षकों को दिया जिनके मार्गदर्शन से उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई।

# खोड़ा में नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप, आरोपी नाबालिग हिरासत में

कपिल शर्मा

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र के संगम पार्क इलाके में एक नाबालिग किशोरी के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना 20 जून की देर रात की है। आरोप है कि एक नाबालिग युवक ने किशोरी के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया, जिसके दौरान किशोरी घायल हो गई। परिजनों के अनुसार, घटना के समय घर में मौजूद एक सदस्य ने किशोरी की चीख सुनकर मौके पर पहुंची तो उसे घायल अवस्था में पाया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल किशोरी को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल स्थिर है।



एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि 20 जून की रात्रि पुलिस को संगम पार्क क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल किशोरी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उन्होंने बताया कि पीड़िता के परिजनों की शिकायत के आधार पर दुष्कर्म के प्रयास सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी नाबालिग युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है तथा मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच में प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# ‘हर-हर महादेव’ के जयघोष के बीच कैलाश मानसरोवर यात्रा-2026 का दूसरा जत्था इंदिरापुरम से रवाना






वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** कैलाश मानसरोवर यात्रा-2026 के अंतर्गत शुक्रवार को इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से श्रद्धालुओं के दूसरे दल को श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक माहौल के बीच विधिवत विदा किया गया। यात्रा पर रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने भवन परिसर स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान



पूरा परिसर ₹हर-हर महादेव₹ के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। दूसरे दल में 50 पंजीकृत श्रद्धालुओं में से चिकित्सीय परीक्षण के बाद 45 श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए पूर्णतः स्वस्थ पाया गया। इनके साथ दो लाइजन ऑफिसर और पांच सदस्यीय सहायक स्टाफ भी रवाना हुआ। सभी यात्रियों को विशेष बसों के माध्यम से एयरपोर्ट के लिए भेजा गया।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता तथा धर्मार्थ कार्य विभाग के अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उनकी सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। प्राधिकरण की ओर से कैलाश मानसरोवर भवन में यात्रियों के लिए आवास, भोजन, स्वास्थ्य परीक्षण सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा भारतीय आध्यात्मिक परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक विरासत का अद्वितीय प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन देशभर से आने वाले शिवभक्तों की सेवा और आतिथ्य का महत्वपूर्ण केंद्र बनता जा रहा है। साथ ही भगवान शिव से सभी यात्रियों की सफल, सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा की प्रार्थना की।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बनी खुशियों की डोर, मुरादनगर में 37 जोड़े बंधे सात जन्मों के बंधन में

वेलकम इंडिया संवाददाता





**मुरादनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विकास खंड मुरादनगर परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 37 जोड़े वैवाहिक जीवन की नई शुरूआत कर सात फेरों के बंधन में बंध गए। इनमें अनुसूचित जाति वर्ग के 15, अन्य पिछड़ा वर्ग के 9, सामान्य वर्ग के 8 तथा अल्पसंख्यक वर्ग के 5 जोड़ों ने हिस्सा लिया। समारोह में 32 हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार फेरे और जयमाल के साथ संपन्न कराया गया, जबकि मुस्लिम समुदाय के 5 जोड़ों का निकाह धार्मिक परंपराओं के अनुसार सम्पन्न हुआ। योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को लगभग 21 हजार रुपये मूल्य की उपहार सामग्री प्रदान की गई, जिसमें वर-वधु के वस्त्र, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कुकर, ट्रॉली बैग, वैनिटी किट और दीवार घड़ी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कन्या के बैंक खाते में 64 हजार रुपये की धनराशि हस्तांतरित किए जाने का प्रावधान भी है। कार्यक्रम में विधायक अजीतपाल त्यागी, प्रमुख क्षेत्र पंचायत राजीव त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ, परियोजना निदेशक एवं खंड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।

# ई-रजिस्ट्री के विरोध में सड़कों पर उतरे वकील, दादरी तहसील में 10 दिन से कामकाज ठप



कपिल शर्मा

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी तहसील में ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं और डीड राइटरों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। पिछले 10 दिनों से रजिस्ट्री कार्य बंद कर धरने पर बैठे अधिवक्ताओं ने शनिवार को सड़कों पर मार्च निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि रजिस्ट्री प्रक्रिया को निजी हाथों में सौंपे जाने से अधिवक्ताओं और डीड राइटरों के रोजगार पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। उनका कहना है कि नई व्यवस्था पारंपरिक कार्यप्रणाली को समाप्त कर हजारों परिवारों की आजीविका प्रभावित करेगी। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। फिलहाल दादरी तहसील में रजिस्ट्री संबंधी कार्य पूरी तरह प्रभावित हैं और आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# दिल्ली-यूपी पुलिस का हाई अलर्ट प्लान: बॉर्डर सुरक्षा, ट्रैफिक और भीड़ प्रबंधन पर बनी साझा रणनीति

कपिल शर्मा

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** आगामी कार्यक्रमों एवं वर्ष-2026 के मद्देनजर कानून-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पुलिस और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण इंटर-स्टेट बॉर्डर कोऑर्डिनेशन मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए व्यापक रणनीति पर मंथन किया गया।

बैठक में ईस्टर्न रेंज दिल्ली के ज्वाइंट सीपी आईपीएस अजीत कुमार सिंगला, डीसीपी ईस्ट दिल्ली आईपीएस राजीव कुमार, पुलिस उपायुक्त नगर/ट्रांस हिंडन गाजियाबाद






धवल जायसवाल समेत दोनों राज्यों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान आगामी आयोजनों को देखते हुए भीड़ नियंत्रण, यातायात की सुगमता, संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान और आपसी समन्वय को और मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने संयुक्त रूप से ऐसी कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति जताई, जिससे किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति का समय रहते प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके। अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली और उत्तर प्रदेश पुलिस के बीच बेहतर तालमेल से सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा आमजन को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सकेगी।

# इंदिरापुरम पुलिस का नशे के कारोबार पर प्रहार, 5 किलो गांजा और 9,500 रुपये समेत तस्कर गिरफ्तार



कपिल शर्मा

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना इंदिरापुरम पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांजा बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4 किलो 956 ग्राम गांजा और गांजा बिक्री के 9,500 रुपये बरामद किए हैं।

20 जून 2026 की रात चेकिंग अभियान के दौरान थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम ने सेक्टर-7 सर्विस रोड टी-पॉइंट के पास से शाहरूख पुत्र आरिफ (30 वर्ष) निवासी मकान संख्या-570, गली नंबर-7, आश्रम रोड, थाना नंदग्राम, गाजियाबाद को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से करीब पांच किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा उससे पूछताछ कर गांजा तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# दुहाई की फाइबर फैक्ट्री में लगी आग, दमकल की फुर्ती से टला बड़ा हादसा





कपिल शर्मा

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** मुरादनगर के दुहाई इंडस्ट्रियल एरिया स्थित त्रिवेणी एसएस फाइबर ग्लॉस फैक्ट्री में शनिवार सुबह आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फायर विभाग के अनुसार, सुबह 10:16 बजे फायर स्टेशन मोदीनगर को फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद मुरादनगर सीजन ड्यूटी से एक फायर टेंडर और मोदीनगर फायर स्टेशन से एक अन्य फायर टेंडर तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने पाया कि फैक्ट्री की छत पर बनी मुमटी में रखी फाइबर शीट में आग लगी हुई थी। अग्निशमन कर्मियों ने बिना समय गंवाए दो होज पाइप लाइन बिछाकर टेंडरों से पंपिंग शुरू की और आग बुझाने का अभियान चलाया। अग्निशमन अधिकारी कोतवाली भी एक वाटर बाउजर के साथ मौके पर मौजूद रहे। दमकल विभाग की मुस्तैदी के चलते आग को जल्द ही पूरी तरह बुझा दिया गया और संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया। फैक्ट्री मालिक रामनिवास पुत्र धर्मपाल सिंह, निवासी राधेश्याम फेज-5, मुरादनगर, भी मौके पर मौजूद रहे। स्थानीय पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित रखने में सहयोग किया।

फायर अधिकारियों ने बताया कि इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# कर्तव्य शर्मा की कहर बरपाती गेंदबाजी, फ्रेंड्स क्लब ने वीवीआईपी को 48 रन से हराया



कपिल शर्मा

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** स्थानीय मैदान पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में फ्रेंड्स क्लब ने वीवीआईपी टीम को 48 रन से शिकस्त देकर शानदार जीत दर्ज की। टीम की जीत के नायक कर्तव्य शर्मा रहे, जिन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स क्लब ने निर्धारित 40 ओवर में 258 रन बनाए। टीम की ओर से सौम्या बक्शी ने 55 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि विराज ने 51 रन और रुद्र चौहान ने 28 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। वीवीआईपी की ओर से अनन्या ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट हासिल किए। 259 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीवीआईपी टीम 210 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से अर्नव हुड्डा ने 39 रन, धार्या ने 36 रन और प्रतीक ने 25 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सके।

फ्रेंड्स क्लब की ओर से कर्तव्य शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट झटके, जबकि शिवा ने 2 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। कर्तव्य शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# नीट परीक्षा से दो दिन पहले 22 वर्षीय छात्र ने दी जान, वीडियो बना छोड़ गया कई सवाल

कपिल शर्मा

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** विजयनगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-9 स्थित एच-ब्लॉक में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे 22 वर्षीय छात्र जतिन कुमार ने परीक्षा से दो दिन पहले फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्मघाती कदम उठाने से पहले उसने 1 मिनट 4 सेकंड का वीडियो भी बनाया, जिसमें उसने कहा कि उस पर किसी प्रकार का दबाव नहीं था और नीट परीक्षा को लेकर भी कोई तनाव नहीं था, हालांकि उसने स्वयं को कुछ हद तक अवसादग्रस्त बताया।

पुलिस के मुताबिक, जतिन 21 जून को होने वाली नीट परीक्षा की तैयारी में जुटा था। परिजनों ने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब 12 बजे तक वह अपने कमरे में टहलता दिखाई दिया था।

शुक्रवार सुबह जब परिजन उसे जगाने पहुंचे तो वह मृत अवस्था में मिला। सूचना पर विजयनगर थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर



पहुंची। कमरे में पंखे से बंधा फंदा टूटा हुआ मिला, जबकि शव फर्श पर पड़ा था।

जांच के दौरान पुलिस को छात्र के मोबाइल फोन से एक वीडियो मिला, जिसे उसने कथित तौर पर आत्महत्या से ठीक पहले रिकॉर्ड किया था। वीडियो में उसने अपने स्टडी रूम का दृश्य दिखाते हुए कहा कि वह ‘आज कुछ अलग करने’ की सोच रहा है। उसने पंखे पर लगे फंदे को भी कैमरे में दिखाया। वीडियो में उसने कहा कि उसके पिता ने उसे परीक्षा को लेकर तनाव न लेने की सलाह दी थी और वह परीक्षा में सफल होने का प्रयास करना चाहता है।

पुलिस ने वीडियो को जांच में शामिल कर उसकी सत्यता और उससे जुड़ी परिस्थितियों की पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक परिवार का इकलौता बेटा था। उसके पिता एक सरकारी विभाग में कार्यरत हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। उसकी एक छोटी बहन इंटरमीडिएट की छात्रा है। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। परिजनों ने फिलहाल कोई बयान देने से इनकार कर दिया है।

इस संबंध में एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि युवक द्वारा आत्महत्या से पूर्व बनाया गया वीडियो बरामद हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था सामान्य है।

# यक्ष ऐप पर कसावट, लंबित विवेचनाओं पर सख्ती; एसीपी प्रियाश्री पाल ने की समीक्षा बैठक

कपिल शर्मा

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** वेव सिटी की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) श्रीमती प्रियाश्री पाल ने शुक्रवार को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में बीट पुलिस अधिकारियों और बीट उपनिरीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में यक्ष ऐप पर पुलिस कर्मियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया तथा उन्हें उनकी जिम्मेदारियों और अपेक्षित कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। एसीपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बीट प्रणाली को और अधिक प्रभावी






बनाते हुए अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि बेहतर पुलिसिंग के लिए तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग आवश्यक है।

बैठक के दौरान विवेचकों के साथ अपराध समीक्षा (ओआर) भी आयोजित की गई। इसमें लंबित विवेचनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसीपी ने लंबित मामलों में तेजी लाने और जांच की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया, ताकि आमजन को त्वरित एवं प्रभावी न्याय मिल सके।

# ईस्टर्न पेरीफेरल पर लापरवाही का कहर: रोड़ा-बजरी गिराकर जाम लगाने वाला डंपर चालक दबोचा

कपिल शर्मा

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना पुलिस ने ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर लापरवाही से वाहन चलाकर हादसे की स्थिति पैदा करने वाले वांछित आरोपी अरबाज खान को गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने तेज रफ्तार में हाईवा डंपर चलाते हुए उसमें भरे रोड़ा और पत्थरों को सड़क पर गिरा दिया था, जिससे कई वाहनों के टायर पंक्चर हो गए और एक्सप्रेस-वे पर लंबा जाम लग गया।



पुलिस के मुताबिक, 18 जून 2026 को हुई इस घटना के संबंध में थाना दादरी में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच और लोकल इंटेलिजेंस की मदद से पुलिस ने 20 जून को आरोपी को ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे के अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी अरबाज खान राजस्थान के अलवर जनपद का निवासी है। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त हाईवा डंपर (संख्या RJ02GD6003) भी बरामद कर जब्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।